VPL

वर्ष 10 अंक 300
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, गुरुवार
7 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 दिल्ली पुलिस आदतन झपटमारों की जमानत रद्द करने का अनुरोध... | 06 भागीरथी की संवेदनशीलता की अनदेखी-सुरेश भाई | 11 बुमराह की तरह भविष्य में सिराज के 'वर्कलोड' पर ध्यान देना होगा: आरपी सिंह













## प्रधानमंत्री ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया


**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'कर्तव्य भवन' का उद्घाटन किया, जो प्रस्तावित दस साझा केंद्रीय सचिवालय भवनों में से पहला है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक ही परिसर में लाना है ताकि प्रशासनिक कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके।

साझा केंद्रीय सचिवालय भवनों में से कर्तव्य भवन-03 पहली इमारत है जिसका आज प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया। इस इमारत में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दफ्तर और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय होगा।

वर्तमान में कई प्रमुख मंत्रालय शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन जैसे पुरानी इमारतों में कार्यरत हैं। सरकार के मुताबिक, 1950 और 1970 के दशक के बीच बनाए गए ये भवन अब ''संरचनात्मक रूप से पुराने'' हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर



लाल खट्टर और मंत्रालय के सचिव के. श्रीनिवास के साथ नवनिर्मित भवन का दौरा किया। श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री को कर्तव्य भवन की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की योजना के अनुसार साझा केंद्रीय सचिवालय के अंतर्गत कुल दस भवनों का निर्माण किया जाना है। यह परियोजना केंद्र सरकार की 'सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना' का हिस्सा है।

निर्माणाधीन भवनों में से भवन संख्या-1 और 2 के कार्य अगले माह तक पूरे होने की उम्मीद है, जबकि साझा केंद्रीय सचिवालय (सीसीएस) भवन संख्या 10 का निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। सीसीएस भवन संख्या छह और सात का कार्य अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री खट्टर ने मंगलवार को बताया कि शास्त्री भवन, कृषि भवन, निर्माण भवन और उद्योग भवन में कार्यरत कार्यालयों को दो वर्षों की अस्थायी अवधि के लिए कस्तूरबा गांधी मार्ग, मिंटो रोड और नेताजी पैलेस में चार नए स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा, जब तक सीसीएस के शेष भवनों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता।

सरकार ने कुछ भवनों को संरक्षित रखने का प्रस्ताव भी दिया है, जिनमें राष्ट्रीय संग्रहालय, राष्ट्रीय अभिलेखागार, जवाहरलाल नेहरू भवन (विदेश मंत्रालय), डॉ. आंबेडकर ऑडिटोरियम और वाणिज्य भवन शामिल हैं, जो अपेक्षाकृत नए भवन हैं।

'सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना' के तहत सरकार पहले ही नया संसद भवन, उपराष्ट्रपति एन्क्लेव और विजय चौक से इंडिया गेट तक फैले कर्तव्य पथ का पुनर्विकास कर चुकी है।

साझा केंद्रीय सचिवालय के अतिरिक्त, सरकार एक 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' का निर्माण भी कर रही है, जिसमें नया प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय होंगे। एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के दूसरे चरण के अंतर्गत प्रधानमंत्री का नया आवास भी बनाया जाएगा।

कर्तव्य भवन-03 का क्षेत्रफल 1.5 लाख वर्ग मीटर है और बेसमेंट क्षेत्रफल 40,000 वर्ग मीटर है। इसकी पार्किंग में 600 कारें खड़ी हो सकती हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने बताया कि कर्तव्य भवन-03 में एक शिशु गृह, एक योग कक्ष, एक चिकित्सा कक्ष, एक कैफै, एक रसोईघर और एक बहुउद्देशीय हॉल है।

इसमें 24 मुख्य सम्मेलन कक्ष हैं, जिनमें से प्रत्येक में 45 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसके अलावा 26 छोटे सम्मेलन कक्ष हैं, जिनमें से प्रत्येक में 25 लोगों के बैठने की क्षमता है।

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर शुल्क दोगुना करके 50 प्रतिशत किया

**वाशिंगटन/ नयी दिल्ली,** (भाषा) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए।

इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा।

इस कदम से कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है।

ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। आदेश में कहा गया है, "मूल्य के अनुरूप लगाया गया शुल्क... ऐसे आयातों पर लागू किसी भी अन्य शुल्क, फीस, कर, वसूली और प्रभार के अतिरिक्त होगा।"

प्रारंभिक शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद लागू होगा। ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से



तेल एवं गैस खरीदने के लिए भारत पर 24 घंटे में भारी शुल्क की घोषणा करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तेल बिक्री से हासिल राशि का इस्तेमाल कर रहा है जबकि भारत सस्ता तेल पाने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दे रहा है।

ट्रंप ने 30 जुलाई को भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा करते समय भी कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने की वजह से भारत पर अलग से जुर्माना लगाएंगे।

आदेश में ट्रंप ने कहा, "मुझे लगता है कि भारत सरकार इस समय प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूसी संघ से तेल आयात कर रही है। इसलिए, और लागू कानून के मुताबिक, अमेरिका के सीमा शुल्क क्षेत्र में आयातित भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त शुल्क दर लागू होगी।"

भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेश से खरीदता है। भारत 2021 तक आयातित कुल कच्चे तेल का मुश्किल से 0.2 प्रतिशत ही रूस से खरीदता था। लेकिन रूस अब भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। भारत ने जुलाई में प्रतिदिन लगभग 50 लाख बैरल तेल का आयात किया, जिसमें से 16 लाख बैरल रूस से आया। नए शुल्क के बाद, अमेरिका में भारत एवं ब्राजील के उत्पादों पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत शुल्क लगेगा। ऐसे में भारत के प्रतिस्पर्धी देश अमेरिकी बाजार में बेहतर स्थिति में होंगे, क्योंकि उनका शुल्क कम है।

अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत, थाईलैंड और कंबोडिया पर 36 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, चीन और श्रीलंका पर 30 प्रतिशत, मलेशिया पर 25 प्रतिशत, फिलीपींस और वियतनाम पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर छठे दौर की बातचीत के लिए 25 अगस्त को भारत आने वाला है।

## मप्र विधानसभा में सत्यपाल मलिक, धराली हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई



**भोपाल**, (भाषा) मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से आई बाढ़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

पूर्वाह्न 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्यपाल मलिक के निधन और उत्तरकाशी जिले की घटना का उल्लेख किया तथा इसके बाद सदन में कुछ देर मौन रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत सभी दिवंगत लोगों के सम्मान में सदन की कार्रवाई दोपहर 12:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। तोमर ने कहा कि मलिक के निधन से देश ने एक वरिष्ठ नेता व कुशल प्रशासक खो दिया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सत्यपाल मलिक कई राजनीतिक दलों में रहे और हर दल में उन्हें समान आदर मिला। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में भी उनका योगदान अद्वितीय रहा और इस भूमिका में किए गए उनके कार्यों को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''एक योग्य नेता के जाने का दुःख है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी में बहुत ही दुखद घटना हुई है और इसकी व्यापकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 10 मीटर की नदी 30 मीटर में तब्दील हो गई। उन्होंने कहा, ''ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसी का वश नहीं चलता।'' यादव ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की है और कामना की है कि राज्य जल्दी ही आपदा की स्थिति से बाहर निकले।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि राज्यपाल के रूप में मलिक की भूमिका बहुत ही विशेष रही और उन्होंने हमेशा अपने पद के साथ न्याय किया। उन्होंने कहा कि मलिक की एक अलग छवि थी और सच की लड़ाई लड़ने वाले वह ऐसे नेता थे, जो सत्ता से लड़ने का माद्दा रखते थे। उन्होंने कहा कि मलिक के निधन से हुए नुकसान की भरपाई आसान नहीं है।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जब जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था, उस समय मलिक उस तत्कालीन राज्य के राज्यपाल थे और कहीं न कहीं उन्होंने भी इसमें योगदान दिया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने कहा कि मलिक के निधन से देश को बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति बहुत कम ही हैं, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में भी काम किया और 5-6 राज्यों के राज्यपाल भी रहे। उन्होंने कहा मलिक ने पूरे देश की राजनीति में अपनी एक छाप छोड़ी है। उत्तराखंड हादसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''यह घटना हमारी चिंता बढ़ाती है और हमें ध्यान रखना चाहिए कि प्रकृति से ज्यादा छेड़छाड़ न हो।''

### राज्यसभा में पूर्व सदस्य सत्यपाल मलिक को दी गई श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली, (भाषा) राज्यसभा में बुधवार को पूर्व सदस्य दिवंगत सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति ने मलिक के निधन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने उच्च सदन में उत्तर प्रदेश का दो बार, 1982 से 1989 तक प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई 1946 को जन्मे मलिक ने नौवीं लोकसभा में अलीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। हरिवंश के अनुसार, उप्र विधानसभा के सदस्य रह चुके मलिक ने चार राज्यों - बिहार (2017), जम्मू और कश्मीर (2018), गोवा (2019) और मेघालय (2020) के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। इसके अलावा उन्होंने ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उपसभापति ने कहा कि मलिक के निधन से देश ने एक बेहतर प्रशासक, एक उत्कृष्ट पूर्व सांसद तथा एक मुखर राजनीतिक नेता को खो दिया है। सदन में मौजूद सदस्यों ने मलिक के सम्मान में कुछ पलों का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## प्रधानमंत्री मोदी के इस महीने के अंत में चीन के दौरे की संभावना

नयी दिल्ली, (भाषा) सात वर्षों के अंतराल के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत में चीन की यात्रा कर सकते हैं।

योजना के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त के आसपास जापान की यात्रा पर जाएंगे और यात्रा के समापन के बाद, वह 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन के उत्तरी शहर तियानजिन जाएंगे। मोदी की चीन यात्रा की योजना दोनों पक्षों द्वारा अपने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच बनाई जा रही है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच घातक झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव पैदा हो गया था। मोदी की जापान और चीन की यात्रा की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह यात्रा 29 अगस्त से एक सितंबर तक होने की संभावना है। मोदी ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था।

## आपदाग्रस्त धराली में मलबे से एक शव बरामद 150 लोग सुरक्षित निकाले गए, कई अन्य लापता

उत्तरकाशी, (भाषा) उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त धराली गांव में मलबे से बचाव दलों ने बुधवार को एक शव बरामद कर लिया जबकि भारी बारिश के बीच जारी राहत एवं तलाश अभियान में 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर उनसे बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। मंगलवार दोपहर बाद बादल फटने से खीरगंगा नदी में आयी भीषण बाढ़ में करीब आधा गांव तबाह हो गया था। धराली गंगोत्री धाम से करीब 20 किलोमीटर पहले पड़ता है और यात्रा का प्रमुख पड़ाव है।

भूस्खलन से धराली जाने वाली सड़कें अवरुद्ध हैं जिससे वहां फंसे लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। उत्तरकाशी जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, मलबे से एक शव बरामद हो गया है जिसकी पहचान धराली के रहने वाले 32 वर्षीय आकाश पंवार के रूप में हुई है। उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ में चार लोगों की मृत्यु हो गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाढ़ में 50 से अधिक लोग लापता हो सकते हैं क्योंकि पानी के अचानक आने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का मौका ही नहीं मिला।






## संसद में गतिरोध बरकरार, सरकार का एसआईआर पर चर्चा से इनकार

नयी दिल्ली, (भाषा) बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पिछले कई दिनों की तरह बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बरकरार रहा, वहीं सरकार ने नियमों का हवाला देते हुए दो टूक कहा कि अदालत में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जा सकती।

विपक्ष ने गतिरोध खत्म करने के लिए बीच का रास्ता सुझाते हुए सरकार को संदेश दिया है कि एसआईआर के बजाय चुनाव सुधारों पर चर्चा कराई जा सकती है, हालांकि सरकारी सूत्रों का कहना है कि चुनाव सुधारों पर भी चर्चा की संभावना नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखकर आग्रह किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की अनुमति दी जाए क्योंकि यह भारतीय लोकतंत्र के लिए बुनियादी महत्व से जुड़ा विषय है। उपसभापति को लिखे अपने पत्र में खरगे ने कहा कि 21 जुलाई, 2023 को राज्यसभा के तत्कालीन सभापति धनखड़ ने व्यवस्था दी थी, ''...यह सदन एक दायरे में रहकर दुनिया की हर चीज़ पर चर्चा कर सकता है...।''

विपक्षी दलों ने एसआईआर के मुद्दे को बुधवार को दोनों सदनों में पुरजोर ढंग से उठाया और संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में निर्वाचन आयोग की इस कवायद को वोटों की ''डकैती'' करार दिया और कहा कि इस विषय पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा कराना देशहित के लिए जरूरी है।



खरगे ने विपक्ष के कई नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराने के लिए तैयार नहीं होती तो समझा जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान में विश्वास नहीं करती है।

उनका कहना था कि एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर समूचा विपक्ष एकजुट है।

खरगे ने कहा, ''सभी विपक्षी पार्टियां एसआईआर पर चर्चा चाहती हैं। सभी पार्टियों ने लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उप सभापति और सरकार से बार-बार कहा है कि 'वोट चोरी' पर चर्चा की जाए। मौजूदा सरकार को जहां समझ आता है, वहां वे वोट बढ़ा लेती है और अब वो बिहार में वोट काट रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमें एसआईआर पर चर्चा करने का मौका मिलना चाहिए, ताकि जहां गड़बड़ी हुई है, असंवैधानिक तरीके से काम किया जा रहा है, उस बारे में बात हो और लोगों के अधिकार सुरक्षित हो सकें।'' उन्होंने दावा किया, ''अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों, मनरेगा कामगारों के नाम मतदाता सूची से कट रहे हैं। जो गरीबों का हक छीनना चाहते हैं, वो चोर ही हो सकते हैं।''

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में कहा कि एसआईआर का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और लोकसभा के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियमों एवं परिपाटी के तहत इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

रीजीजू ने एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर सदन में चर्चा करने के लिए तैयार है और समय-समय पर यह आश्वासन भी देती रही है, लेकिन संसद में किसी भी विषय पर चर्चा संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए और सदन के कार्य संचालन और प्रक्रिया के नियमों के तहत होनी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि विपक्ष जो विषय उठाने का प्रयास कर रहा है वह स्पष्ट रूप से अदालत में विचाराधीन है, इसलिए इस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

### लोकसभा ने शोर-शराबे के बीच वाणिज्य पोत परिहन विधेयक को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, (भाषा) लोकसभा ने बुधवार को वाणिज्यिक जलपोतों के स्वामित्व की पात्रता मानदंडों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों का विस्तार करने के प्रावधान वाले एक विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया। लोकसभा ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही 'वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2024' (मर्चेंट शिपिंग बिल) को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। इससे पहले विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को सदन ने खारिज कर दिया। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिए प्रस्तुत किया। विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कैप्टन ब्रजेश चौटा और मुकेश दलाल ने भाग लिया। चर्चा पर सोनोवाल के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के कुछ सांसदों के संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।

# नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एकसमान शुल्क व्यवस्था रद्द



नयी दिल्ली, (भाषा) बिजली मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने बिजली शुल्कों पर अनिश्चितता से जुड़ी चिंताओं के बीच नवीकरणीय ऊर्जा खरीद समझौतों के लिए एकसमान शुल्क व्यवस्था खत्म करने के साथ केंद्रीय मूल्य निर्धारण पूल को भी भंग कर दिया है।

इस कदम से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों और उपयोगकर्ताओं के बीच मूल्य निर्धारण में आसानी होने के साथ देश में नवीकरणीय क्षमता की स्थापना में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिजली बिक्री समझौते (पीएसए) पर हस्ताक्षर की प्रतीक्षा कर रही पर्याप्त नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को देखते हुए और नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापना में तेजी लाने के लिए एकसमान नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क (यूआरईटी) व्यवस्था से संबंधित आदेश को वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

इस निर्णय के बाद सौर ऊर्जा केंद्रीय पूल और सौर-पवन हाइब्रिड केंद्रीय पूल भंग हो जाएंगे। इससे पहले, बिजली मंत्रालय ने 15 फरवरी, 2024 से तीन वर्षों के लिए 14 फ़रवरी, 2027 तक यूआरईटी के कार्यान्वयन का आदेश दिया था।

यूआरईटी तंत्र और संबंधित केंद्रीय पूल को घटती बोली-आधारित कीमतों के संदर्भ में खरीदारों पर संभावित प्रभाव को दूर करने के लिए अधिसूचित किया गया था। हालांकि, मंत्रालय ने अपने नवीनतम आदेश में कहा है कि नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) और आरई डेवलपर्स ने तीन साल की अवधि में टैरिफ की अनिश्चितता के कारण यूआरईटी के तहत पीएसए (बिजली बिक्री समझौते) पर हस्ताक्षर करने में खरीदारों की अनिच्छा पर चिंता व्यक्त की है।

इन परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए आवश्यक अग्रिम बिजली खरीद समझौतों के अभाव में कई नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं रुक गई हैं।

हालांकि, मंत्रालय ने कहा कि यूआरईटी के तहत अब तक मिली बोलियों और जारी किए गए आवंटन पत्र एकल आधार पर मान्य रहेंगे और बिजली खरीद समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए उन पर विचार किया जा सकता है।

## कंट्री डिलाइट ने उच्च प्रोटीनयुक्त गाय का दूध बाजार में उतारा

नयी दिल्ली, (भाषा) कंट्री डिलाइट ने उच्च प्रोटीनयुक्त गाय का दूध बाजार में पेश किया है। अपने इस नये उत्पाद के बारे में कंपनी का दावा है कि यह पहल उपभोक्ताओं में प्रोटीन की कमी को दूर करने और स्वच्छ, बिना मिलावट वाले पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। कंट्री डिलाइट के सीईओ और सह-संस्थापक श्री चक्रधर गाडे ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हम भारत में प्राकृतिक प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए एक ऐसा पारिस्थकी तंत्र बना रहे हैं जो साफ-सुथरे और बहुत कम प्रसंस्करण पर आधारित होगा।''उन्होंने कहा कि इस दूध में किसी तरह के कृत्रिम चीजें नहीं होंगी। यह तो बस शुरुआत है। जल्द ही हम अधिक प्रोटीनयुक्त पनीर, दही, 'होलग्रेन ब्रेड' और ताजा 'बैटर' जैसे उत्पादों की पेशकश भी करेंगे।''विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत लोग रोज की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त प्रोटीन नहीं ले पाते।

## जन सुराज का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला, सरकार से 3 वादों के क्रियान्वयन की माँग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

पटना में 6 अगस्त 2025 को जन सुराज पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात की। इस मुलाकात का नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष मनोज भारती ने किया। यह मुलाकात 23 जुलाई को विधानसभा घेराव के बाद हुई, जिसमें जनता के भारी समर्थन के साथ सरकार से तीन महत्वपूर्ण वादों को लागू करने की मांग की गई थी। उस समय सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव के समक्ष तीन जनहितकारी मुद्दों को दोहराया। पहला, सरकार ने 22 नवंबर 2023 को 94 लाख गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई स्पष्ट कार्ययोजना सामने नहीं आई।

दूसरा, 2022 में सरकार ने दलित और अति पिछड़ा वर्ग के 50 लाख भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन देने की घोषणा की थी, पर अब तक केवल दो लाख परिवारों को ही जमीन मिली है, जबकि 48 लाख परिवार अभी भी इंतजार कर रहे हैं। तीसरा, भूमि सर्वे के नाम पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और फर्जीवाड़े की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो सरकार की विफलता को उजागर करता है।

जन सुराज ने मांग की कि सरकार इन वादों के कार्यान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को स्पष्ट करे। साथ ही, आग्रह किया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 अगस्त को पटना के गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान इन तीनों वादों को लागू करने की ठोस घोषणा करें।

पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मांगों को गंभीरता से नहीं लेती, तो जन सुराज पूरे बिहार में जोरदार जन आंदोलन शुरू करेगी।

प्रतिनिधिमंडल में एन.पी. मंडल, रामबली चंद्रवंशी, अरविंद कुमार, जितेंद्र मिश्रा और ओबैदुर रहमान शामिल रहे। यह मुलाकात बिहार की बदहाली के लिए सरकार की जवाबदेही पर सवाल उठाती है और जनता के हित में ठोस कदम उठाने की जरूरत को रेखांकित करती है।

## वणी यातायात पुलिस जमादार गोपाल हेपट पर अवैध संपत्ति का गंभीर आरोप, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



यवतमाल, यवतमाल जिले के पांढरकवडा के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और जिंदल पुरस्कार विजेता रजनीकांत डालूरामजी बोरेले ने वणी यातायात पुलिस स्टेशन में कार्यरत पुलिस जमादार गोपाल हेपट पर पद के दुरुपयोग और अवैध संपत्ति अर्जन का सनसनीखेज आरोप लगाया है। बोरेले ने पुलिस महानिदेशक (मुंबई), विशेष पुलिस महानिरीक्षक (अमरावती), और जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई शिकायत में इन गंभीर आरोपों को उजागर किया है, जिसमें उच्च अधिकारियों पर हेपट को संरक्षण देने का भी इल्जाम लगाया गया है।शिकायत के अनुसार, गोपाल हेपट पिछले 17 वर्षों से वणी में कार्यरत हैं और इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर जमीन, मकान, महंगे फर्नीचर, दोपहिया और चार पहिया वाहन, सोने के आभूषण, और बड़ी मात्रा में बैंक बैलेंस सहित अवैध संपत्ति अर्जित की है। बोरेले ने दावा किया कि हेपट ने परिवहन और राजस्व संग्रह विभागों के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण कर विभिन्न मामलों में किश्तों के जरिए धन वसूला।रजनीकांत बोरेले ने मांग की है कि गोपाल हेपट की संपत्ति, मासिक वेतन, आयकर रिटर्न, और व्यय खातों की भ्रष्टाचार निरोधक विभाग और आयकर विभाग द्वारा गहन जांच की जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि एक पुलिस कर्मचारी को 10-17 साल तक एक ही स्थान पर रखना कानून के खिलाफ है, और इसमें उच्च अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। बोरेले ने आरोप लगाया कि पुलिस महानिदेशक और विशेष पुलिस महानिरीक्षक हेपट के भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं, जिससे पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।बोरेले ने यह भी उजागर किया कि पूर्व पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता के कार्यकाल में भी गोपाल हेपट के खिलाफ शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि अनुशासन का दावा करने वाला पुलिस विभाग इतने लंबे समय तक हेपट को एक ही स्थान पर तैनाती को कैसे नजरअंदाज कर सकता है। बोरेले ने मांग की है कि हेपट की संपत्ति की जांच हो, उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए, उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाए, और उनकी अवैध संपत्ति सरकारी खजाने में जमा की जाए। साथ ही, उनके कार्यकाल के दौरान कर्तव्यहीनता के लिए जिम्मेदार पुलिस निरीक्षकों, उप-विभागीय अधिकारियों, और पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है।स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि गोपाल हेपट के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता ने इन मामलों को दबा दिया। यह मामला अब पूरे यवतमाल जिले में चर्चा का विषय बन गया है, और लोग यह देख रहे हैं कि क्या इस गंभीर शिकायत पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई होगी। रजनीकांत बोरेले की यह शिकायत न केवल पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी निडर आवाज को भी रेखांकित करती है।

## भव्य काव्य सम्मेलन में गूंज उठी भक्ति की स्वर-लहरियाँ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को समर्पित सृष्टि फाउंडेशन द्वारा पूनम सागर, मीरा रोड स्थित प्रसिद्ध चतुरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एक भव्य काव्य सम्मेलन ‘काव्य स्पंदन’ का आयोजन किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर शहर के ख्यातिप्राप्त कवि और कवयित्रियाँ एकत्र हुए और भक्तिरस में डूबी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती शकुंतला गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना और शिव रुद्राष्टकम के दिव्य पाठ से किया गया, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस काव्य महोत्सव में कुसुम तिवारी 'झल्ली', नीतू पांडेय 'क्रांति', राइया सिन्हा, मृदुल तिवारी 'महक', अर्चना वर्मा सिंह, निहारिका मिश्रा, राजेश अल्हड़ असरदार, बाहुबली सिंह, देवेन्द्र पोरवाल, अनुज वर्मा, राजेश त्रिपाठी और विपिन गुप्ता जैसे चर्चित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रद्धा, प्रेम और आध्यात्म का सामंजस्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक राजेश अल्हड़ असरदार जी ने किया, जिन्होंने न केवल कवियों को मंच प्रदान किया, बल्कि अपने सहज और रोचक अंदाज से श्रोताओं की तालियाँ भी बटोरीं।

इस अवसर पर प्रज्ञा शर्मा जी का आगमन अति विशेष कारणवश संभव नहीं हो सका, परंतु उनकी शुभकामनाएँ और आत्मिक उपस्थिति आयोजन में स्पष्ट रूप से अनुभूत हुई।

सभी कवियों की रचनाओं में भक्ति, सामाजिक चेतना, और भावनाओं की गहराई ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों का स्वागत सर्वेश्वर महादेव मंदिर के ट्रस्टी अजयसिंह राजपूत ने किया और रमाशंकर पाल और कृष्णकान्त तिवारी जी ने कहा कि सृष्टि फाउंडेशन का यह आयोजन मीरा रोड क्षेत्र में एक यादगार सांस्कृतिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया।

## कोर एनर्जी सिस्टम्स ने निवेशकों से 200 करोड़ रुपये जुटाए

मुंबई, (भाषा) इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी कंपनी कोर एनर्जी सिस्टम्स ने निवेशकों के समूह से 200 करोड़ रुपये जुटाने की बुधवार को घोषणा की।परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी ने बयान में कहा कि उसने निवेशकों के समूह से 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी इस राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और विनिर्माण के विस्तार तथा बड़े पैमाने पर परमाणु परियोजनाओं को पूरा करने के साथ अपनी क्षमता को मजबूत करने के लिए करेगी।यह राशि भारत के लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) और भारत मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसआर) कार्यक्रमों के समर्थन के प्रयासों को भी मजबूत करेगी।बयान में कहा गया कि पंकज प्रसून और आशीष कचोलिया ने भारत के दीर्घकालिक राष्ट्रीय लक्ष्यों से जुड़े रणनीतिक निवेशकों के एक समूह के साथ मिलकर मौजूदा दौर के तहत कंपनी में 200 करोड़ रुपये का निवेश किया है।कंपनी के प्रबंध निदेशक नागेश बसारकर ने कहा, ''यह निवेश भारत के असैन्य परमाणु भविष्य को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करता है।''बयान में कहा गया कि देश की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को वर्तमान 8.88 गीगावाट से बढ़ाकर 100 गीगावाट करने की महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए, कंपनी इस क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली स्वदेशी सामग्री विकसित करने और आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए वैश्विक गठजोड़ को बढ़ावा देने की अच्छी स्थिति में है।

## कायमगंज में मंत्री रजनी तिवारी व महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष, व समाजसेविका मिथिलेश गुप्ता की अगुवाई में सावन झूला त्योहार मनाया





कायमगंज, फर्रुखाबाद। सीपी गेस्ट हाउस, कायमगंज में आज महिला व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सावन झूला एवं नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरे जनपद की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी उपस्थित रहीं, वहीं महिला कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम का आयोजन महिला व्यापार मंडल की प्रदेश चेयरमैन श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि आयोजन की सफलता में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला संरक्षक, वरिष्ठ जिला चेयरमैन, प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल की विशेष भूमिका रही।इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सुशील शाक्य, श्री अमर सिंह खटीक, श्री कुलदीप सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यादव जी, तथा जनपद के अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से खचाखच भरा रहा और सावन के उत्सव की थीम पर आधारित नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सफल आयोजन के लिए महिला व्यापार मंडल की प्रदेश चेयरमैन श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल एवं प्रमुख उद्योगपति श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, प्रदेश मंत्री व जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री तथा जिला संगठन मंत्री नीरज राठौर ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया।यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और समाज में सामूहिक सहभागिता के लिए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सराहा गया।

## ब्रिटानिया क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार



नयी दिल्ली, (भाषा) बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है।

कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने बुधवार को वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए कुछ खास क्षेत्रों में अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है। उन्होंने कहा, "हम अच्छी स्थिति में हैं। हमने अपने लिए एक विशेष कोष भी बनाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर हम कुछ खास क्षेत्रों और राज्यों में विशिष्ट कंपनियों के खिलाफ खर्च कर सकें। इसलिए, हम क्षेत्रीय स्तर पर कई लड़ाइयां लड़ने जा रहे हैं।"ब्रिटानिया के पास मैरीगोल्ड, टाइगर, न्यूट्रीचॉइस और गुड डे जैसे लोकप्रिय घरेलू ब्रांड हैं। बेरी ने कहा कि कंपनी अपने सभी प्रतिस्पर्धियों का आकलन कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी मौजूदा कीमतों को बनाए रखेगी, लेकिन अगर कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा होने की जरूरत पड़ी, तो वह इसके लिए तैयार है। बड़ी खाद्य कंपनियों ने कहा है कि जून तिमाही में उन्हें कुछ क्षेत्रों में स्थानीय एवं छोटे ब्रांडों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।


## मौजूदा अनिश्चितताओं, मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण रेपो दर को यथावत रखा: मल्होत्रा

मुंबई, (भाषा) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, नीतिगत दरों में एकबारगी बड़ी कटौती और मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण केंद्रीय बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में मल्होत्रा ने वृद्धि को समर्थन देने के लिए आरबीआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षा से धीमी है।

मल्होत्रा ने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सतर्क रहेगी और दरों पर उचित निर्णय लेने के लिए सभी आने वाले आंकड़ों पर नजर रखेगी। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दरों में कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। ब्याज दरों को यथावत रखने के सर्वसम्मत निर्णय के कारणों को गिनाते हुए मल्होत्रा ने कहा, ''हमने फरवरी से जून तक चार महीने की छोटी अवधि में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की है। इसका लाभ अब भी मिल रहा है।'' शुल्क वार्ताओं और अस्पष्ट भू-राजनीतिक पहलुओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वैश्विक अनिश्चितताएं कायम हैं इसके अलावा बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति ने भी नीतिगत निर्णय को प्रभावित किया। ब्याज दरों में कटौती के बावजूद ऋण वृद्धि में तेजी नहीं आने के बारे में सीधे तौर पर अपने विचार व्यक्त किए बिना गवर्नर ने कहा कि कुछ हद तक लाभ हस्तांतरण अभी होना बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि ब्याज दरें कम होती हैं, तो इससे ऋण में वृद्धि होगी और समग्र वृद्धि की गति भी बढ़ेगी। खुदरा कर्ज के मुख्य आधार आवास ऋण में वृद्धि के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई का मानना है कि इस खंड में वृद्धि 14 प्रतिशत के साथ ''काफी अच्छी'' रहेगी।

ऋणदाताओं की ब्याज दरों में आरबीआई द्वारा की गई सभी कटौतियों के परिणाम सामने आने में अधिक समय लगता है। इसके बाद मकान खरीदने वालों को दीर्घकालिक खरीद पर निर्णय लेने में अधिक समय लगता है जिससे संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र में ऋण में और अधिक वृद्धि होगी। गवर्नर कहा कि जून में कुल मुद्रास्फीति के घटकर 2.1 प्रतिशत आने की प्रमुख वजह खाद्य मुद्रास्फीति में कमी है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति दोनों ही आंकड़े महत्वपूर्ण हैं और आरबीआई इन पर नजर बनाए हुए है।

# बिकवाली के बीच स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला



मुंबई, (भाषा) द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।

सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।''

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है जबकि पहले इसके 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। छोटी कंपनियों के सूचकांक बीएसई स्मालकैप में 1.14 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक एक प्रतिशत गिर गया।

क्षेत्रवार सूचकांकों में से आईटी केंद्रित खंड में 1.78 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल खंड में 1.72 प्रतिशत और आईटी खंड में 1.64 प्रतिशत की गिरावट रही। सिर्फ बैंकिंग खंड ही बढ़त में रहा।

दो दिनों की गिरावट के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,50,296.28 करोड़ रुपये घटकर 4,45,19,999.04 करोड़ रुपये रह गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ‘‘आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति का ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला बाजार की उम्मीदों के अनुरूप ही रहा। इस वजह से बाजार में कोई खास प्रतिक्रिया नहीं देखी गई।

## फिलीपींस, भारत औपचारिक व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए आगे बढ़ रहे: मार्कोस




नयी दिल्ली, (भाषा) फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर ने बुधवार को कहा कि भारत और फिलीपींस एक तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं।

राष्ट्रपति मार्कोस ने यहां उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित 'भारत-फिलीपींस सीईओ गोलमेज बैठक' में इस बात पर जोर दिया कि फिलीपींस और भारत आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए पीटीए को एक रणनीतिक मंच के रूप में देखते हैं। फिक्की ने एक बयान में मार्कोस के हवाले से कहा, "हम पीटीए को जल्द से जल्द लागू करने के लिए साझा आधार खोजने के लिए काम कर रहे हैं। हमने सरकार और कंपनियार निकायों, दोनों के मजबूत समर्थन से इस प्रक्रिया को तेज करने के तरीके खोज लिए हैं। हम औपचारिक वार्ता शुरू करने की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं।" मार्कोस ने यह भी कहा कि सरकार ने फिलीपींस में कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करके अधिक भारतीय निवेश आकर्षित करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, "ये सुधार भारत में हमारे मूल्यवान साझेदारों सहित निवेशकों के लिए, एक वास्तविक रूप से सक्षम वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हम अपने द्विपक्षीय व्यापार में बढ़ती गति से उत्साहित हैं, जो 2024-2025 में 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है।"

उन्होंने कहा कि फिलीपींस का व्यापार एवं उद्योग विभाग अपने भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर जल्द ही व्यापार एवं निवेश पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक आयोजित करेगा।

# दिल्ली पुलिस आदतन झपटमारों की जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस जल्द ही अदालत में याचिका दायर कर झपटमारी की घटनाओं में शामिल आदतन अपराधियों की जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह कदम हाल में एक आदतन अपराधी की गिरफ्तारी के बाद उठाया जा रहा है, जिसने उच्च सुरक्षा वाले चाणक्यपुरी इलाके में कांग्रेस सांसद आर सुधा से कथित तौर पर सोने की चेन झपट ली थी।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) संजय कुमार जैन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ''पुलिस ऐसे अपराधियों की सूची तैयार कर रही है जो जमानत पर बाहर होने के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं।'' उन्होंने कहा कि एक बार सूची तैयार हो जाने पर पुलिस संबंधित अदालतों से संपर्क करेगी और ऐसे अपराधों में बार-बार संलिप्तता का हवाला देते हुए उनकी जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी।

सोहन रावत (24) दो दर्जन से ज़्यादा चोरी और झपटमारी के मामलों में संलिप्त रहा है। रावत ने सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकलीं सुधा से सोने की चेन कथित तौर पर झपट ली थी।



पुलिस के अनुसार, जांच अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की गतिविधियों पर नज़र रखने के बाद उसे बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने कहा, ''नयी दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण जिलों की पुलिस टीम के साथ-साथ एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) और आर के पुरम पुलिस स्टेशन के समन्वित प्रयास से उसे पकड़ लिया गया।''

इस साल अप्रैल में अंबेडकर नगर में दर्ज वाहन चोरी के एक मामले में गिरफ्तार होने के बाद रावत को 27 जून को ज़मानत पर रिहा किया गया था।

पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई सोने की चेन, अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर, छीने गए चार मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। नयी दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आंकड़े साझा किए, जिनसे पता चलता है कि क्षेत्र में झपटमारी से संबंधित पीसीआर कॉल में लगातार गिरावट आ रही है।

पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश कुमार महला ने दावा किया, ''2023 में हमें नयी दिल्ली जिले में झपटमारी से संबंधित 166 पीसीआर कॉल प्राप्त हुईं। 2024 में यह संख्या घटकर 138 हो गई और इस साल पांच अगस्त तक यह संख्या और घटकर 72 हो गई।''

दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पहले छह महीनों में झपटमारी के 2,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इस तरह झपटमारी के प्रतिदिन औसतन 14 मामले सामने आए।

आंकड़ों के अनुसार, इस साल 30 जून तक दिल्ली में झपटमारी के कुल 2,503 मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2024 में इसी अवधि के दौरान 3,381 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में 3,865 मामले आए। आंकड़े मामलों की संख्या में गिरावट दर्शाते हैं, लेकिन यह समस्या की स्थायी प्रकृति को भी इंगित करता है।

## दिल्ली विधानसभा ने उत्तरकाशी में आकस्मिक बाढ़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना में जान गंवाने वालों के प्रति दिल्ली विधानसभा में बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई।

सदस्यों ने इस घटना में जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा। बादल फटने की घटना के कारण आई बाढ़ से तबाह पहाड़ी गांव धराली से बुधवार को एक शव बरामद किया गया, जबकि 150 लोगों को बचाया गया। लापता लोगों की तलाश भारी चुनौतियों के बीच फिर से शुरू हो गई। लापता लोगों में हर्षिल के निकटवर्ती शिविर के 11 सैन्यकर्मी भी शामिल हैं। विधानसभा में वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज को भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी।

# दिल्ली में महिला की बालियां छीनने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सोने की बालियां छीनने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटना दो अगस्त को उस समय हुई जब महिला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद घर लौट रही थी।

आरोपियों की पहचान सूरज (28) और नीरज उर्फ काशी (35) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और महिला की बालियां छीनकर फरार हो गए।

इसके बाद फर्श बाजार थाने में मामला दर्ज किया गया।

शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया, ''जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। आरोपियों को सिल्वर रंग की मोटरसाइकिल पर देखा गया जिसकी



पिछली नंबर प्लेट के अंतिम दो अंक कीचड़ से ढके हुए थे और सामने की प्लेट हटा दी गई थी ताकि उनकी पहचान न हो सके।''

पुलिस ने आरोपियों के भागने के रास्ते का पता लगाकर तकनीकी निगरानी के माध्यम से मोटरसाइकिल की पहचान की। यह वाहन रमाशंकर नामक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत था जो उत्तर घोंडा इलाके का निवासी है। पूछताछ में रमाशंकर ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसका बेटा सूरज चलाता है जो कि फरार था।

पुलिस के अनुसार, इसके बाद पुलिस ने उत्तर घोंडा इलाके में जाल बिछाया और सूरज तथा उसके साथी नीरज को उसी मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा।

डीसीपी ने बताया कि शुरू में दोनों आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे लेकिन पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि छीनी गई बालियां सूरज के घर में छिपाई गई हैं।

पुलिस ने सूरज के घर पर छापा मारा और वहां से सोने की बालियां बरामद कर लीं।

पूछताछ में दोनों ने न केवल इस वारदात बल्कि 28 जुलाई को नये उस्मानपुर में हुई इसी तरह की एक अन्य छीना-झपटी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस के अनुसार, सूरज पहले भी पांच मामलों में शामिल रहा है जबकि नीरज के खिलाफ डकैती, झपटमारी और हथियारों से जुड़े कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी हाल ही में जेल से रिहा हुए थे।

इस बीच, शहर में हुई अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली विधानसभा में 'फांसी घर' पर विवाद के बाद आतिशी एवं अन्य आप विधायकों को सदन से निकाला

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली विधानसभा परिसर में ब्रिटिशकालीन तथाकथित 'फांसी घर' की प्रमाणिकता को लेकर बुधवार को भाजपा सदस्यों के साथ तीखी बहस के बाद विपक्ष की नेता आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन से बाहर निकाल दिया गया।

विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 2022 में जिस कक्ष का जीर्णोद्धार किया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया, वह वास्तव में एक ''टिफिन रूम'' था, न कि औपनिवेशिक काल का फांसी स्थल।

मंत्री कपिल मिश्रा ने पिछली आप सरकार पर झूठा वृत्तांत पेश करके ''इतिहास से छेड़छाड़'' करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''उन्होंने एक टिफिन रूम को नकली फांसी स्थल में बदलने में करोड़ों रुपये खर्च किए, हमारे शहीदों का अपमान किया और



लोगों को गुमराह किया।''

हालांकि, आप विधायक संजीव झा ने इस कमरे के ऐतिहासिक महत्व का बचाव करते हुए तर्क दिया कि ऐसे कई फांसी स्थलों का कभी आधिकारिक तौर पर रिकॉर्ड नहीं रखा गया।

उन्होंने कहा, ''इतिहासकारों के ऐसे स्थानों के बारे में अलग-अलग विचार हैं। इस इमारत के 1912 के नक्शे में, यही एकमात्र दोमंजिला संरचना है जो फांसी कक्ष से मेल खाती है।''

झा ने केजरीवाल पर निशाना साधने के लिए ''ब्रिटिश अत्याचार को छिपाने'' के खिलाफ चेतावनी दी और अपील की कि इस स्थल से प्राप्त सामग्रियों की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जांच करायी जाए।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद बढ़ने पर अध्यक्ष ने आतिशी एवं अन्य आप विधायकों को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुषमा स्वराज की स्मृति में पौधारोपण किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की स्मृति में जंगपुरा स्थित सिल्वर ओक पार्क में एक पौधा लगाया।

स्वराज दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं।

इस अवसर पर उनकी बेटी और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज भी उपस्थित थीं। गुप्ता ने कहा कि स्वराज बेहद स्नेहमयी थी और जब वह पहली बार एमसीडी की पार्षद बनीं तो उन्होंने उनका (रेखा गुप्ता का) मार्गदर्शन किया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने (स्वराज ने) जनता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया और उनके समाधान के लिए अथक प्रयास किए। जनसेवा की समर्पित कार्यशैली से प्रेरित होकर, दिल्ली की भाजपा सरकार भी जन कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।''

# कारोबारी सुशील अंसल के खिलाफ पासपोर्ट मामला: अदालत ने एवीयूटी को मदद करने की अनुमति दी


नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने 'एसोसिएशन ऑफ द विक्टिम्स ऑफ उपहार ट्रेजेडी' (एवीयूटी) को कारोबारी सुशील अंसल के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता करने की अनुमति दे दी है।

अंसल को 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड में दोषी ठहराया गया था, जिसमें 59 लोग मारे गए थे।

एवीयूटीएस की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति ने मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें जांच और आरोपपत्र दाखिल करने में कुछ आपत्तियां उठाई गई थीं।

अंसल पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 2019 में पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया था, जो राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी छिपाकर पासपोर्ट प्राप्त करने से संबंधित है।

प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 177 (जानबूझकर किसी लोक सेवक को गलत जानकारी



देना) और 181 (लोक सेवक या शपथ दिलाने के लिए अधिकृत व्यक्ति को शपथ पर झूठा बयान देना), 192 (झूठे साक्ष्य गढ़ना), 197 (झूठा प्रमाण पत्र जारी करना या हस्ताक्षर करना) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत भी दर्ज की गई थी।

चार अगस्त को एक आदेश में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रेया अग्रवाल ने कहा, ''वर्तमान मामले में जिस एसोसिएशन के कहने पर कानून बनाया गया था, उसे अभियोजन पक्ष की सहायता करने का अधिकार मिलना चाहिए, जिस पर कानून में कोई रोक नहीं है।''

न्यायाधीश ने कहा कि एवीयूटी को वर्तमान मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता करने की स्वतंत्रता है तथा अभियुक्त के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं होगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने कहा कि वर्तमान मामला एवीयूटी द्वारा दायर एक रिट याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के माध्यम से पंजीकृत किया गया था और इसलिए एसोसिएशन को भागीदारी का प्रभावी अधिकार दिया जा सकता है। इससे पहले, अपनी आठ पृष्ठ की अंतिम रिपोर्ट में पुलिस ने दावा किया था कि अंसल ने शपथ पत्र पर सरकारी प्राधिकारियों को गुमराह किया है कि उन्हें किसी भी अदालत द्वारा किसी भी आपराधिक कार्यवाही में दोषी नहीं ठहराया गया है।

यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कृष्णमूर्ति की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अंसल ने अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए प्राधिकारियों से गलत जानकारी छिपाई या दी।

हालांकि, अंतिम रिपोर्ट में कहा गया है कि अंसल ने 14 अगस्त, 2017 को अपना पासपोर्ट जमा कर दिया था, ''क्योंकि उन्हें पता था कि उनके खिलाफ प्रतिकूल आदेश पारित किए जा सकते हैं।''

इस अग्निकांड में अपने दो बच्चों को खोने वाली कृष्णमूर्ति पिछले दो दशकों से पीड़ित परिवारों की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं।

# दिल्ली में टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का एक सदस्य मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार


नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने यहां सरोजिनी नगर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का सदस्य मंजीत उर्फ दादा अलीपुर में दर्ज किये गये हत्या के एक मामले में वांछित है।

सोमवार को उसे प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह से जुड़े करण थापा की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। थापा की 28 मार्च, 2025 को अलीपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मंजीत की गतिविधियों के बारे में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सरोजिनी नगर में जाल बिछाया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''जब पुलिस टीम ने मंजीत को रोका, तो उसने भागने की कोशिश की और गोलियां चलायीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कुछ राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद उसे



पकड़ लिया गया।'' उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में दोनों पक्षों में कोई भी घायल नहीं हुआ।

पुलिस के मुताबिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मंजीत के खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन समेत कम से कम छह मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि अलीपुर हत्याकांड के बाद से वह गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

## सोशल मीडिया रील के दौर में कुछ लोग अभी भी किताबों से प्यार करते हैं: मुख्यमंत्री गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि आजकल अधिकांश लोगों का ध्यान सोशल मीडिया पर है, फिर भी ऐसे लोग हैं जो किताबें पढ़ना पसंद करते हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां भारत मंडपम में 29वें दिल्ली पुस्तक मेले के उद्घाटन के मौके पर कहा कि उनकी सरकार ऐसे साहित्यिक आयोजनों का समर्थन करती रहेगी, जिससे प्रकाशकों और पाठक समुदाय को लाभ मिले।

गुप्ता ने वहां मौजूद लोगों से कहा, ''किताबें ऐसी दोस्त होती हैं जो बिना किसी शर्त के आपके साथ रहती हैं। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया की रील्स का दबदबा है, वहां भी ऐसे लोग हैं जो सच्चे मन से किताबों से प्यार करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत में पढ़ने-लिखने की परंपरा प्राचीन है। एक अच्छी किताब हमें अपनी दुनिया में खींच लेती है।

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशियों को पकड़ा गया



नयी दिल्ली, छह अगस्त (भाषा) दिल्ली पुलिस ने जुलाई में यहां द्वारका उपनगर में आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़कर स्वदेश वापसी के लिए भेज दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जिन विदेशियों को पकड़ा गया है उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक है। वे बिना वैध वीज़ा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें द्वारका के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, ''उन्हें बिना वैध वीजा के भारत में रहते हुए पाया गया। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया। तदनुसार, उन्हें निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया।''


# निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहा हूं अदालत से शर्त हटाने का अनुरोध: सांसद राशिद

नयी दिल्ली, (भाषा) जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी संगठनों को धन मुहैया कराने के आरोपों से जुड़े एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को बताया कि संसद सत्र में शामिल होने के लिए प्रतिदिन का खर्च जमा कराने की शर्त के कारण वह अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं।

राशिद ने न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति अनुप जयराम भंभानी की पीठ से एक समन्वय पीठ द्वारा पारित आदेश में संशोधन का अनुरोध किया। इस आदेश में कहा गया था कि संसद सत्र में भाग लेने के लिए उन्हें (राशिद को) जेल प्रशासन के पास चार लाख रुपये यात्रा खर्च के तौर पर जमा कराने होंगे।

सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि अभिरक्षा पैरोल सामान्यतया याचिकाकर्ता के खर्च पर ही दी जाती है।

इस पर राशिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन. हरिहरन ने दलील दी कि यह शर्त अव्यावहारिक है, क्योंकि ''वह



(राशिद) एक निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और केवल इस (पैसे जमा कराने की) शर्त के कारण अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं''।

हरिहरन ने दलील दी, ''अगर शर्त ऐसी है कि वह संसद नहीं जा सकते, तो हम देश में लोकतंत्र की मूल भावना में हस्तक्षेप कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''ये शर्तें इसलिए लगाई गई हैं ताकि किसी तरह उनके (राशिद के) निर्वाचन क्षेत्र की आवाज संसद में न पहुंच सके।''

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह आदेश की समीक्षा नहीं, बल्कि उसमें लगाई गई शर्तों में संशोधन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आदेश में कहा गया है कि उन्हें शर्तों के अधीन हिरासत में ले लाया जाए। मैं कह रहा हूं कि ये शर्तें त्रुटिपूर्ण हैं, जो खुद ही आदेश को निष्प्रभावी बना रही हैं।''

न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को तय की है।

बारामूला से सांसद राशिद ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को हराया था। वह जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी संगठनों को धन मुहैया कराने के आरोपों से जुड़े एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उन्हें 2019 में गिरफ्तार किया था और तब से वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पिछले वर्ष सितंबर में उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी।

एनआईए की प्राथमिकी के अनुसार, कारोबारी और सह-आरोपी जहूर वटाली से पूछताछ के दौरान राशिद का नाम सामने आया था।

# न्यायालय ने स्थायी कमीशन से वंचित सेना की महिला अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) की उन महिला सैन्य अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई शुरू कर दी जिन्होंने दावा किया है कि भेदभाव के कारण उन्हें स्थायी कमीशन नहीं दिया जा रहा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दो बैच के अधिकारियों -- सेवारत और सेवा मुक्त -- द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की।

शीर्ष अदालत ने कहा कि थलसेना की अधिकारियों के बैच की याचिका के बाद, वह नौसेना की अधिकारियों और फिर वायुसेना की अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन नहीं दिये जाने को चुनौती दी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ेफा अहमदी, मेनका गुरुस्वामी और वी. मोहना तथा



अन्य वकीलों ने एसएससी महिला अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया, जिन्होंने दलील दी कि उन्हें स्थायी कमीशन न देकर भेदभाव किया जा रहा है।

महिला अधिकारियों ने दलील दी कि उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में लापरवाह तरीके से 'ग्रेडिंग' की जा रही है और उन्हें पुरुष समकक्षों की तुलना में समान अवसर नहीं दिये जा रहे हैं।

पीठ ने स्थायी कमीशन देने के लिए समान दिशानिर्देश प्रस्तावित किये, लेकिन विशेष प्रशिक्षण जैसे कारकों को भी ध्यान में रखने की बात कही। इसने अधिकारियों से यह भी पूछा कि उनके अनुसार स्थायी कमीशन के मूल्यांकन का आधार क्या होना चाहिए।

शीर्ष अदालत विभिन्न आधारों पर उन्हें स्थायी कमीशन देने से इनकार करने को चुनौती देने वाली 75 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई 7 अगस्त को भी जारी रहेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि पहले पारित अंतरिम आदेश लागू रहेंगे, जिसके तहत केंद्र को अधिकारियों की याचिकाओं पर निर्णय होने तक उन्हें सेवा मुक्त करने से रोका गया था।

न्यायालय ने 9 मई को, केंद्र से उन एसएससी महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करने का निर्देश दिया था जिन्होंने स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने ''मौजूदा स्थिति'' में ''उनका मनोबल कम न करने'' को कहा था।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि यह सशस्त्र बलों को युवा बनाए रखने की नीति पर आधारित एक प्रशासनिक निर्णय था।

कर्नल गीता शर्मा की ओर से पेश हुईं गुरुस्वामी ने इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले का उल्लेख किया था, जो उन दो महिला अधिकारियों में से एक थीं, जिन्होंने 7 और 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी दी थी।

महिला अधिकारियों ने न्यायालय के 2020 के उस फैसले का हवाला दिया है, जिसमें सेना को उन्हें स्थायी कमीशन देने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में स्टाफ पदों को छोड़कर, सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों में उन पर विचार न करना कानूनन उचित नहीं ठहराया जा सकता।

वर्ष 2020 के फैसले के बाद से, शीर्ष अदालत ने सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं तथा नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के मामले में भी इसी तरह के आदेश पारित किये गए।



# भैंसा बृजपुर कंपोजिट विद्यालय में कोई भी अध्यापक नहीं ले रहा चार्ज

● --छोटे-छोटे बच्चों का शिक्षण कार्य हो रहा प्रभावित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



टूंडला।बुधवार को कंपोजिट विद्यालय भैंस बृजपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक व ग्रामीणों ने शिक्षकों के रवैया को लेकर प्रदर्शन किया,और बताया कि अध्यापक व अध्यापिकाओं के आपसी मनमुटाव के चलते कोई भी अध्यापक व अध्यापिका विद्यालय का चार्ज नहीं ले रहा है जिससे छोटे छोटे बच्चों की शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है व उनको टाइम से एमडीएम भी नहीं मिल पा रहा है।मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ज्योती पाठक व नायब तहसीलदार टूंडला ने पहुंच कर ग्रामीणों व संगठन के पदाधिकारियों से बात की और उनको कार्यवाही का आश्वासन दिया।

आपको बता दें कि 2011 से कंपोजिट विद्यालय भैंसा बृजपुर में फरवरी 2024 तक सहायक अध्यापक राजीव चतुर्वेदी ने चार्ज संभाला था।इसी दौरान उनकी मां की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्होंने तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी को चार्ज हटाने हेतु प्रार्थना पत्र सोपा था,उस प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने उनका चार्ज हटा दिया था।इसी दौरान फरवरी 2024 में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ललिता कुमारी को चार्ज दिया गया लेकिन उन्होंने चार्ज लेने से मना कर दिया।इस दौरान 29 अगस्त 2024 को सहायक अध्यापक राजीव चतुर्वेदी को विद्यालय के अध्यापकों के तनाव के कारण पैरालिसिस अटैक पड़ गया था।

उसके बाद सितंबर में अध्यापिका मंजू सिंह चौधरी को चार्ज दिया गया लेकिन उन्होंने भी चार्ज लेने से मना कर दिया,इस मामले को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उन पर कार्यवाही कर दी। सहायक अध्यापक राजीव चतुर्वेदी की तबीयत खराब होने के चलते चार्ज ललिता कुमारी को दिया जाना था लेकिन उनको चार्ज नहीं दिया गया।इस दौरान विद्यालय बिना चार्ज के ही चलता रहा,और ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो गया,क्योंकि किसी भी अध्यापक व अध्यापिका पर चार्ज न होने से विद्यालय पर व बच्चों की शिक्षा पर प्रभाव पड़ने लगा,इसी दौरान 6 अगस्त 2025 को भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष बिन्नी प्रधान के नेतृत्व में उनके कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने विद्यालय में प्रदर्शन किया, सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक व नायब तहसीलदार टूंडला मौके पर पहुंचे और उनकी बात सुनी,और सहायक अध्यापक राजीव चतुर्वेदी को चार्ज लेने का आदेश पारित कर दिया। लेकिन सहायक अध्यापक ने खराब तबियत के चलते चार्ज लेने से मना कर दिया।अब देखना यह है कि बीएस फिरोजाबाद व एबीएसए क्या कार्यवाही करते हैं।

# भारतीय स्वाभिमान फाउंडेशन ने प्रदान की बच्चों को पोषण किट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। भारतीय स्वाभिमान फाउंडेशन द्वारा एसएन हॉस्पीटल में फाउंडेशन की अध्यक्ष जया शर्मा, सीएमएस डॉ नवीन जैन एवं जन आधार कल्याण समिति के सदस्यों के साथ मिलकर क्षय रोग के उपचारित बच्चों को पौष्टिक आहार किट प्रदान की गई। सस्था की अध्यक्ष जया शर्मा ने बताया कि हम अपनी संस्था के जरिए टीबी (तपेदिक) उन्मूलन के लिए मुख्यतः राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत सामुदायिक जागरूकता, शीघ्र पहचान, उपचार, पोषण व सामाजिक सहायता, संक्रमण रोकथाम, और जन-भागीदारी पर विशेष कार्य करेंगे। उनके द्वारा पाँच बच्चों को गोद लिया गया साथ ही सभी बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के प्रोटीन युक्त भोजन व घर पर स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ नवीन जैन द्वारा बच्चों को बाहर का खुला हुआ कोई भी खाना न खाने के लिए कहा गया। जिला कॉर्डिनेटर मनीष कुमार द्वारा टीवी दूर करने के लिए सामुदायिक जागरुकता पर बल दिया गया। इस मौके पर डॉ अभिषेक सिंह, डॉ अबूवक्र, मनीष कुमार, प्रवीण शर्मा, कश्मीर सिंह, आकाश अनम, सीमा उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# भीम आर्मी संगठन के तहसील अध्यक्ष बने रवि कुमार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



अमरोहा। विधानसभा के गांव भजन पुरी में भीम आर्मी संगठन के द्वारा एक नुक्कड़ सभा का आयोजन संगठन के नगर अध्यक्ष फारुख मंसूरी के द्वारा किया गया नुक्कड़ सभा में काफी लोगों ने भीम आर्मी का दामन थामा इस मौके पर रवि कुमार को तहसील अध्यक्ष अमरोहा बनाया गया जिला अध्यक्ष अजब सिंह एडवोकेट कपिल कुमार सचिन कुमार विशाल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने किया हरियाली तीज महोत्सव का समापन



● महिलाओं को उपहार स्वरूप भेंट की गई श्रृंगार सामग्री

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

टूंडला। चंदन बाला महिला मंडल ने हरियाली तीज महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया। साथ ही बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव को सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न किया। कार्यक्रम में जैन समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन से महिला मंडल की अध्यक्षा त्रिशला जैन द्वारा की गई। कार्यमक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल प्रतियोगिताएं तीज गीत और पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शन रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर नृत्य एवं गीतों के माध्यम से तीजोत्सव मनाया। कार्यक्रम संपन्न होने पर महिलाओं को श्रृंगार सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। महिला मंडल की अध्यक्षा ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शुभा जैन, इंद्रा जैन, प्रीति जैन, मीनू जैन, राखी जैन, बॉबी जैन, शिल्पी जैन, वर्षा जैन, निधि जैन, रूबी जैन, सिंजनी जैन, शालू जैन, रेनू जैन, प्रीती जैन आदि उपस्थित रही।

# बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। तीन दिन हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बुधवार की सुबह बारिश थमी तो लोगों ने कुछ राहत की सांस ली।

मालूम हो कि पिछले तीन दिन हुई मूसलाधार बारिश से जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश ने जहां गर्मी से निजात दिलाई तो वहीं जिला प्रशासन की पोल भी खोल कर रख थी। जनपद के सभी नदी-नाले ऊफान पर हैं। गंगा भी खतरे के निशान से ऊपर चल रही है। जनपद की खो नदी, रामगंगा नदी, मालन नदी, बान नदी, छोइया सहित तमाम नदियों ने रौद्र रूप ले लिया है। जिसके चलते तमाम गांवों का संपर्क कट गया है। आने-जाने के लिए लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने दौरा कर दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस



बिजनौर। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने भारी बरसात को देखते हुए विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर राजस्व अधिकारियों को जान व माल की सुरक्षा के निर्देश दिए गए। सबसे पहले जिलाधिकारी ने मालन नदी में बढ़े हुए जलस्तर के कारण बाढ़ प्रभावित ग्राम कछियाना एवं मुअज्जमपुर तुलसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन लोगों द्वारा पानी के प्रवाह मार्ग में अतिक्रमण कर आवास अथवा अन्य निर्माण किया गया है, उसकी जांच कर कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें और अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराएं ताकि पानी के प्रवाह में कोई रुकावट ना रहे। तदुपरांत उनके द्वारा चिड़ियापुर के करीब कोटा वाली नदी से मिजार्पुर उर्फ पीतमपुरा जाने वाले रास्ते पर ग्राम वासियों द्वारा अस्थाई पुल के दोनों एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि एप्रोच मार्ग कटान रोकने के लिए तत्काल वहां सेंड बेग लगाएं और कटान रोकने की समुचित व्यवस्था करें।

उक्त संबंध में उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पानी के प्रवाह को डायवर्ट करें ताकि काटन रोका जा सके। उसके बाद उनके द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम बड़िया का निरीक्षण किया गया, जहां स्थानीय ग्रामवासियों ने मालन नदी पर अस्थाई पुल का निर्माण किया था, नदी में बढ़ते जल स्तर के कारण एप्रोच रोड के कटान की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने उक्त कटान को रोकने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को तत्काल समुचित एवं प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा कोटद्वार नगीना मार्ग पर ग्राम ढकिया बावन सराय के करीब सुखरो नदी द्वारा एप्रोच रोड पर हो रहे कटान को रोकने के लिए जिस पर पूर्व में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नगीना द्वारा कार्य किया गया है, को निर्देशित किया कि एप्रोच रोड को कटान से सुरक्षित रखने के लिए तत्काल आवश्यक उपाय करते हुए संचालित कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान नदी के बीच में बिजली का टेढ़ा खंभे पाए जाने पर तत्काल उसको सीधा कराने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत, नगीना को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देशित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता बाढ़ नियंत्रण सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# साप्ताहिक मंगल बाजार में अवैध वसूली की सूचना पर पालिका प्रशासन सख्त



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। नगर क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार में लाउडस्पीकर द्वारा उद्घोषण कराया गया की बाजार में फड़ एवं दुकानें लगाने वाले लोगों से कुछ लोगों द्वारा अवैध वसूली किए जाने की खबरें सामने आ रही है। इस प्रकार से अवैध वसूली करने वालो को किसी भी प्रकार से कोई धनराशि न दें तथा अवैध वसूली करने वालो की सूचना पालिका को दें। ऐसे अवैध वसूली करने वाले लोगो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जाएगी। आपको बताते चलें कि नगर के मौहल्ला छेवड़ा, दानिशमंदान बाईपास से कांकर सराय रोड पर लगने वाले मंगल बाजार मे फड, ठेला, स्टाल आदि लगाने वाले व्यापारी,वा स्ट्रीट वेंडर्स से अवैध वसूली किए जाने की खबरें सामने आने के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने नोटिस जारी किया है साथ ही मंगल बाजार में यह घोषणा भी कराई है कि पालिका द्वारा सरकारी, पालिका मार्गो, भूमि पर लगने वाले इस बाजार के दुकानदारों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला जाता है। और यदि कोई ऐसा करता है तो उसकी सूचना पालिका को दें।



# फर्जी बीमा पॉलिसी व लोन ठगी का खुलासा, अन्तर्राज्यीय गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

● रजपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई आरोपी के पास से चौंकाने वाली फर्जी दस्तावेजों की बरामदगी





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल। रजपुरा थाना पुलिस ने बुधवार को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी बीमा पॉलिसी और पर्सनल लोन कराने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह बीमा माफिया के एक और सदस्य को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिरोह का यह सदस्य अब तक दर्जनों लोगों के नाम पर बीमा पॉलिसी और लोन करा चुका था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, 39 चेक बुक, 07 डेबिट कार्ड, 28 आधार कार्ड और 23 पैन कार्ड बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज कुमार ढाली पुत्र स्वर्गीय अतुल चंद्र ढाली, निवासी ग्राम अरविंदनगर, थाना सितारगंज, जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड, हाल निवासी वैशाली, गाजियाबाद के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार के निर्देशन में की गई। फजीर्वाड़े का नेटवर्क और मोडस ऑपरेंडी पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह दो बड़े तरीकों से धोखाधड़ी करता था:

1 जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर बीमा क्लेम करना

2 गरीब लोगों को फर्जी कंपनी का कर्मचारी दिखाकर पर्सनल लोन कराना और पूरी राशि हड़पना

धोखाधड़ी के इन मामलों में दिल्ली निवासी त्रिलोक और धर्मेन्द्र के नाम सामने आए हैं। त्रिलोक की मृत्यु के बाद उसके नाम पर कई बीमा पॉलिसी कराई गईं, वहीं धर्मेन्द्र, जो अब भी जीवित है, जिसको मृत दिखाकर करीब 90 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी जारी कराई गई। उसके नाम पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र, नकली मेडिकल दस्तावेज, और जी.बी. पंत अस्पताल के फर्जी रिकॉर्ड बनाए गए। धर्मेन्द्र को एक फर्जी कंपनी ह्फेलेनेक्स लैब प्राइवेट लिमिटेडह्व का कर्मचारी बताकर उसके नाम पर दो पर्सनल लोन भी जारी कराए गए, जिसकी कुल राशि 17 लाख रुपये से अधिक है। हैरान करने वाली बात यह है कि धर्मेन्द्र को इन खातों और लोन की कोई जानकारी नहीं थी।

**आरोपी का आपराधिक इतिहास**

पंकज कुमार ढाली के खिलाफ अब तक तीन गंभीर मुकदमे मु0अ0सं0 13/25, मु0अ0सं0 142/25, मु0अ0सं0 214/25 थाना रजपुरा में दर्ज हैं।

### आरोपी का काम करने का तरीका

गरीब और अशिक्षित व्यक्तियों को सरकारी मदद का झांसा देकर उनके दस्तावेज इकट्ठा करना
आधार और पैन कार्ड में पते व मोबाइल नंबर बदलवाना
फर्जी कंपनियाँ बनवाकर उनमें इन व्यक्तियों को कर्मचारी दिखाना
फर्जी ऑफिस तैयार कर बैंक से संपर्क और खाते खुलवाना
वेतन के नाम पर कुछ महीनों तक ट्रांजेक्शन दिखाना
फिर बैंकों से लोन लेकर पूरी राशि खुद हड़प लेना
इससे पहले गिरफतार हुए थे कई आरोपी

**इस गिरोह के खिलाफ पूर्व में भी केस दर्ज किए जा चुके हैं। मामले में पहले ही 8 से ज्यादा आरोपी शाहरुख खान, नवाज अहमद, विरेन्द्र कुमार, कल्पना, रविन्द्र गुप्ता आदि गिरफ्तार हो चुके हैं। पंकज कुमार ढाली को भी अब इन मामलों में शामिल पाया गया है।**

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ये रहे शामिल

थानाध्यक्ष निशान्त कुमार राठी, उ0नि0 रोशन सिंह, उ0नि0 मनोज कुमार, 30नि0 रामकुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुखवीर सिंह, का0 शिवकुमार, का0 हीरेश ठेनुआ, का0 पूरन पुलिस का मानना है कि गिरोह के अन्य सदस्य और भी राज्यों में सक्रिय हो सकते हैं और अन्य मामलों की जांच जारी है। पूरे प्रकरण की विवेचना से यह साबित हो चुका है कि गिरोह ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और दिल्ली के लोगों को निशाना बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान आज 3:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाली ई-लाटरी प्रक्रिया में हो शामिल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। अरूण कुमार त्रिपाठी उप कृषि निदेशक सम्भल के द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत दिनांक 26.06.2025 से 12.07.2025 तक विभागीय दर्शन 2.0 पोर्टल पर सम्पन्न हुई कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया में, जिन कृषि यंत्रों में लक्ष्य से अधिक बुकिंग हुई है, उनमें लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उक्त ई-लाटरी प्रक्रिया जिलाधिकारी सम्भल की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति (डी.एल.ई.सी.) के समक्ष दिनांक 07. 08.2025 (दिन गुरुवार) को अपराह्न 3:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई (सम्भल) में सम्पन्न करायी जाएगी। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि इन सीटू योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्कचर मैकेइनाजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर तथा किसान ड्रोन की ई-लाटरी दिनांक 07.08.2025 को नहीं कराई जाएगी। इन यंत्रों की ई-लाटरी के सम्बन्ध में सूचना अलग से दी जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत स्माल गोदाम एवं थ्रेसिंग फ्लोर में लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने की दशा में लाभार्थियों का चयन उक्त ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। समस्त सम्बन्धित कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 07.08.2025 (दिन गुरुवार) को अपराह्न 3:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई (सम्भल) में आयोजित होने वाली ई-लाटरी प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### पंचनामा में गवाह बनना पड़ा महंगा, महिला ने मांगे 62,500, न देने पर झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय/धनारी। थाना घनारी क्षेत्र के गांव उदरनपुर अजमतनगर निवासी वीरू पुत्र चरण सिंह ने एक महिला द्वारा पैसे की जबरन मांग और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।
वीरू के अनुसार, 4 फरवरी 2025 को गांव की मधु पत्नी स्वर्गीय गुड्डू के पुत्र प्रशांत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद वह पोस्टमार्टम पंचनामा में गवाह बना था। वीरू का कहना है कि अब उक्त महिला उसे 62,500 रुपये देने के लिए दबाव बना रही है। रुपये न देने पर महिला ने उसे झूठे केस में फंसाने और जेल भेजवाने की धमकी दी है। पीड़ित का आरोप है कि महिला कह रही है ₹तुम मेरे बेटे के पंचनामा में गवाह क्यों बने, अब देखो तुम्हें कैसे फंसाती हूं।₹ वीरू के अनुसार, महिला का चाल-चलन पहले से ही संदिग्ध है और वह आए दिन गांव के लोगों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें परेशान करती रहती है। वीरू ने बताया कि महिला के खिलाफ पहले से ही थाना धनारी में मुकदमा संख्या 181/25, 147/25 सहित कई मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 5 माह पूर्व भी महिला द्वारा कई बार धमकी भरे कॉल किए गए थे, जिसकी रिकॉर्डिंग वीरू के पास मौजूद है। पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है ताकि उसे न्याय मिल सके।

### श्रद्धालुओं ने रुकमणी विवाह की कथा सुनी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। गीता सत्संग भवन, सीता रोड, चंदौसी सम्भल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन कथाव्यास पं. प्रशान्त कुमार मिश्र ने महारास, भगवान कृष्ण का मथुरा गमन, कंसवध, उद्धव - गोपी संवाद और रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।महारास की कथा में व्यासजी ने बताया कि जब अनंत जन्मों की तपस्या के बाद गोपियों को भगवान के मिलन का संयोग आया तब भगवान ने उनको विरह में डालकर उनकी अपने प्रति एकरूपता को सिद्ध करते हैं। जब एकरूपता सिद्ध हो गई तब परब्रह्म परमात्मा उनके साथ रास रचाते हैं।व्यास जी ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण अक्रूर के साथ वृंदावन से मथुरा जाने लगे तब गोपियां दुख से अचेत हो गई , वह श्रीकृष्ण के रथ के आगे लेट गई, तब भगवान ने जल्द आने का संदेश देकर वह मथुरा चले गए। कंसवध की कथा में व्यास जी बताया कि भगवान ने कंस को मारकर मथुरा की प्रजा को एक अत्याचारी शासक के शासन से मुक्त किया और धर्म राज्य की



स्थापना की उद्धव गोपी संवाद की कथा में व्यास जी ने बताया कि भगवान मथुरा में श्रीकृष्ण के विरह में दिन रात चिंतित रहते हैं, उन्होंने उद्धव को ज्ञान मार्ग का आश्रय देकर व्रज में भेजा। गोपियों के संग जब उनका संवाद हुआ तो उनका ज्ञान पंथ बिसर गया और वह भक्ति के मद में मतवाले होकर ब्रजरज में लोटने लगे।रुक्मिणी विवाह की कथा में व्यास जी ने बताया कि भगवान ने रुक्मिणी का अपहरण करके न केवल रुक्मिणी के प्रेम की रक्षा की अपितु जरासंध, शिशुपाल इत्यादि के राजाओं के गर्व का मर्दन भी किया। विदर्भ नरेश भीष्मक जी बहुत ही प्रसन्नता के साथ अपनी कन्या रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ किया। इस अवसर पर विवाह के खूब मंगल गीत गाए गए।

## बंद पड़े मकान को चोरों ने बनाया निशाना, 20 हजार नगदी समेत अन्य सामान चोरी



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। थाना क्षेत्र के मोहल्ला हनुमानगढ़ी की नई बस्ती काली मंदिर रोड पर एक सप्ताह से बंद पड़े मकान को मंगलवार की रात चोरों ने निशाना बना लिया।

वहीं दिल्ली से घर आई कमला देवी ने बताया कि मैं करीब मंगलवार को सुबह जब घर आई तो मकान के गेट पर ताला नहीं था जब अंदर जाकर देखा तो घर के अंदर सब सामान फैला पड़ा था ' चोरों ने मकान के अंदर कमरे में रखी अलमारी और एक संदूक से करीब 20 हजार की नगदी, एक गुल्लक, और सोने की झुमकी व एक जोड़ी पाजेब , एलईडी टीवी, एक सलेंडर आदि सामान चोरों ने घर से साफ कर लिया।

वहीं कमला देवी ने बताया कि मेरा बेटा सुभदेश 27 जुलाई को चार धाम की यात्रा करने गया है और सुभदेश की पत्नी व बच्चे उनकी ससुराल जिला बरेली के फरीदपुर गए हुए थे और घर पर कोई भी नहीं था ' इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि अभी थाने पर कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई है ' अगर सूचना मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला महामंत्री नियुक्त किये गये राजेश राघव

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**



चंदौसी। नरौली में बुधवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह (बिट्टू ठाकुर) के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की घोषणा मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी सौरभ ठाकुर व मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद कवीश राणा द्वारा की गई। मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद कवीश राणा ने सभी पदाधिकारी को मिलकर कर्तव्य निष्ठा से सबको अपने पद का पालन करने को प्रेरित किया। प्रदेश प्रभारी सौरव ठाकुर ने कहा कि हमको संगठन में एक दूसरे का सहयोग करना है, किसी राजनीतिक या अन्य संगठन का विरोध नहीं करना है। क्षत्रिय समुदाय की एकता और अखंडता को कामयाब करने का सतत प्रयास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह (बिट्टू ठाकुर) ने की तथा संचालन के.पी. सिंह कठेरिया ने किया। कार्यक्रम में ठाकुर चंद्रवीर सिंह, रामजी तोमर, गिरीश तोमर, आईपीएस चौहान, जगमोहन सिंह, सचिन प्रताप सिंह, सुखबीर सिंह, राजेश राघव माधवेंद्र सिंह राघव, अंकुर राघव, बिट्टू राघव, सोनी राघव, रिंकू राघव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप चौहान, विजेंद्र सिंह राघव, विनीत राघव, मनोज राघव, पुष्पेंद्र एडवोकेट रविंद्र सिंह, राकेश राघव अनूप राघव, कौशलेंद्र राघव सभासद अक्षय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र की मौत, कोहराम

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी कुलदीप सिंह चंदौसी के राजेश कुमार इंटर कॉलेज में कक्षा 12 वीं का छात्र था। वहीं बुधवार सुबह छात्र बदायूं चुंगी अपने शिक्षक के यहां ट्यूशन पड़ने साइकिल से गया था। ट्यूशन पड़ने के बाद सुबह करीब सात बजे वह साइकिल से अपने कॉलेज जा रहा था।

वहीं युवक जब सैनिक चौक विश्वकर्मा धर्मकाटे के पास पहुंचा तो उसकी साइकिल को सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर मार दी जिसके बाद हादसे में कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ट्रक व चालक को अपने कब्जे में ले कर थाने ले गई। जिसके बाद जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल कुलदीप को नगर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां से अच्छे उपचार के लिए परिजन कुलदीप को मुरादाबाद ले गए। जहां सुबह करीब 11.30 बजे उसने उपचार के दौरान कुलदीप ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक अपने पिता व मां धनवती सहित बहन खुशी और भाई सुखवेंद्र को अकेला छोड़ गया। वहीं सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से बच्चों को किया गया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल श्यामा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि उपर्युक्त विषयक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्रांक मा०शि०००/सिस्टम सेल दिनांक 30.07.2025 के साथ संलग्न महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सलग्नक सहित दिनांक-25.06.2025 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ढटपफ्ढ के लिए विकसित लिंक पर नामाकन किये जाने के सम्बन्ध में है।बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के सभी भाग से वीरता सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है, जिसे प्रोत्साहित और अधिक जागरुकता पैदा करने के लिए कई स्वचालित वीडियो विकसित किए गये है, जिसे, निप्रांकितलिंकhttps://drive.google.com/drive/folders/1m5clu6crHqMKeVJ5eLGSMK/WWUwizrvouspsharing पर देखा जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा की गयीं पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार की प्रभावी कार्यवाही कराते हुए तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान) का अपने-अपने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को इसकी जानकारी अधिक से अधिक पहुंचायी जाए, जिससे योग्य छात्र/छात्राएं इस पुरस्कार हेतु नामांकन कर सके।

## डीएम-एसपी ने ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण को दिए निर्देश



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल। बुधवार को जिलाधिकारी संभल डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार द्वारा वीवीआइपी ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण की ब्रीफिंग मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल नवीन पुलिस लाइन बहजोई जनपद संभल पर की गई तथा संबंधित प्रभारी अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर अपने-अपने अधीनस्थ पुलिस बल को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए गंभीरतापूर्वक ड्यूटी निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया ।

## डीएम-एसपी ने योगी के आने के स्थल का किया मुआयना



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिनांक 07 अगस्त 2025 को प्रस्तावित जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत को जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा बहजोई के नवीन पुलिस लाइन टिकटा रोड़ बहजोई एवं कार्यक्रम स्थल का कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निरीक्षण किया एवं हेलीपैड तथा सभा स्थल ,पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## उत्तराखंड आपदा में लापता लोगों की सलामती के लिए मांगी दुआ

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी।अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उत्तराखंड के धराली क्षेत्र में खीरगंगा के पास बादल फटने से आई भीषण आपदा के बाद पीड़ितों की सलामती और बचाव कार्यों की सफलता के लिए बुधवार को रघुनाथ आश्रम स्थित शिव मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

बुधवार को नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि खीरगंगा क्षेत्र में बादल फटने से भारी मलबा और जलजला आया,जिससे सैकड़ों लोग लापता हो गए हैं और व्यापक तबाही हुई है।

उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य कराने की अपील की,साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी उठाई।समाजसेवी डॉ.टीएस पाल ने इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की। उन्होंने यह भी कामना की कि लापता लोग सुरक्षित रूप से अपने परिवारों से मिलें। प्रार्थना सभा में आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, अमन श्रीवास्तव,टीकाराम शर्मा,हर्षित भारद्वाज,सचिन शर्मा,सुमीत गुप्ता,भाजपा नेता शुभम अग्रवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आपदा में प्रभावित लोगों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और मदद के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

## घायल को अस्पताल पहुंचा कर राजीव यादव ने बचाई घायल की जान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। सोमवार की रात्रि बहजोई से संभल रोड पर करीब नौ बजे रोड पर सांड के टकराने से एक बाइक सवार गंभीररूप से घायल हो गया ' उसी समय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बहजोई में तैनात ब राजीव यादव ड्यूटी से घर जा रहे थे तभी उनकी नजर घायल पड़े व्यक्ति पर पड़ी जिसके बाद मानवता का परिचय देते हुए राजीव यादव ने घायल को वाहन की सहायता से बहजोई सीएचसी में भर्ती कराया ' जिसके बाद युवक ने अपना नाम अतुल शर्मा पुत्र नारायण शर्मा बताया। जिसमें बाद डॉक्टर ने घायल युवक की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया और राजीव यादव को डॉक्टर ने इस मानवता के नेक काम के लिए धन्यवाद कहा ' अगर सही समय पर राजीव यादव घायल को अस्पताल न पहुंचाते तो शायद घायल की साथ दुर्घटना घट सकती थी ' राजीव यादव ने कहा कि अगर कभी को आपको कही भी कोई घायल अवस्था में मिले तो सबसे पहले मानवता का परिचय देते हुए हुए उस घायल को अस्पताल पहुंचाना चाहिए।

## संपादकीय

# 'टेस्ट' ऑफ युवा भारत

लंदन के ओवल क्रिकेट मैदान पर 7 अगस्त 2025 को एक बार फिर इतिहास रचा गया। 1971 में अजित वाडेकर की युवा भारतीय टीम ने ओवल में इंग्लैंड को हराकर पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। उस ऐतिहासिक जीत की पुनरावृत्ति 54 साल बाद टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम ने दोहराई। यह जीत इसलिए चमत्कारिक है, क्योंकि मैच भारत के हाथों से लगभग खिसक चुका था। इंग्लैंड को 35 रनों का लक्ष्य था, और उनके पास 4 विकेट शेष थे। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी शैली को देखते हुए यह लक्ष्य आसान लग रहा था, लेकिन भारत के युवा तेज गेंदबाजों—मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा—ने बाजी पलट दी। उनकी सटीक लेंथ, धारदार यॉर्कर और आक्रामक गेंदबाजी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेबस कर दिया। इंग्लैंड 35 रन भी नहीं बना सका और मात्र 6 रनों से हार गया। सिराज ने 5 और प्रसिद्ध ने 4 विकेट लिए, दोनों ने मिलकर इस टेस्ट में 17 विकेट चटकाए। यह जीत भारत की नई तेज गेंदबाजी की ताकत का प्रतीक है ।सिराज ने इस सीरीज में 23 विकेट लेकर विश्व नंबर 1 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के 2021-22 के प्रदर्शन की बराबरी की। वे कपिल देव, बुमराह और ईशांत शर्मा जैसे दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए, जिन्होंने इंग्लैंड में 50 से अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं। सिराज ने न केवल बुमराह की छाया से बाहर निकलकर खुद को एक समानांतर गेंदबाज साबित किया, बल्कि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के उस आकलन को भी गलत सिद्ध किया, जिसमें कहा गया था कि सिराज पुरानी गेंद के साथ उतने प्रभावी नहीं हैं। ओवल में पुरानी गेंद से सिराज ने 4 में से 3 विकेट झटके, जिससे भारत को टेस्ट क्रिकेट की सबसे छोटी जीत (6 रन) मिली ।यह भारतीय टीम युवा और अपेक्षाकृत कम अनुभवी थी। शुभमन गिल को पहली बार टेस्ट कप्तानी सौंपी गई थी। टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा, रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज नहीं थे, जो संन्यास ले चुके हैं। श्रेयस अय्यर की जगह करुण नायर को मौका दिया गया, लेकिन उन्हें अभी अपनी 303 रनों की ऐतिहासिक पारी को दोहराना बाकी है। फिर भी, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर रही, और भारत ने ट्रॉफी बरकरार रखी। भारत ने 2018 से इंग्लैंड के खिलाफ कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने कुल 12 शतक लगाए, जिसमें गिल के 4 शतक और 754 रन शामिल हैं। गिल का यह प्रदर्शन महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के 1971 के 774 रनों से मात्र 20 रन पीछे है। कप्तानी में गिल का रिकॉर्ड डॉन ब्रेडमैन के बाद दूसरे स्थान पर है ।वॉशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद शतक लगाकर ऑलराउंडर के रूप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। भारतीय टीम ने सीरीज में 3809 रन बनाए, जिसमें 422 चौके और 48 छक्के शामिल हैं। आठ बार 350 से अधिक रनों का स्कोर बनाकर भारत ने खुद को विश्व की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम साबित किया। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को पछाड़ते हुए भारत ने अपनी बादशाहत कायम की ।यह जीत केवल एक मैच की जीत नहीं है, बल्कि युवा भारत की प्रतिभा और जुनून का प्रतीक है। गिल की कप्तानी में परिपक्वता साफ झलकती है। उनकी रणनीति, सिराज और प्रसिद्ध की गेंदबाजी, और बल्लेबाजों का आत्मविश्वास इस जीत के आधार बने। हालांकि, यह केवल एक पड़ाव है। इस युवा टीम को अब दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टेस्ट चुनौतियों का सामना करना है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल अभी दूर है, और बीसीसीआई को इस टीम के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बचना चाहिए। यह नया भारत है, जो अपनी मेहनत और प्रतिभा से विश्व क्रिकेट में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।

# हथकरघा: 'वोकल फॉर लोकल'

इस साल, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2025 के हिस्से के रूप में एक हैंडलूम हैकाथॉन का भी आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य हथकरघा क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीक को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस जैसे आयोजनों और हैकाथॉन जैसी पहलों से भारत के आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण सुधार हो सकते हैं। आइए इन्हें विस्तार से समझते हैं: आर्थिक क्षेत्र में सुधार रोज़गार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण: हथकरघा उद्योग भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार देने वाला क्षेत्र है, जिसमें लाखों लोग, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, शामिल हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस जैसे आयोजन लोगों को हथकरघा उत्पादों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे बुनकरों की आय बढ़ती है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा सहारा देता है और पलायन को कम करने में भी मदद करता है। खादी उत्पादों की बिक्री में वृद्धि इसका एक अच्छा उदाहरण है।

हर साल 7 अगस्त को भारत में ₹राष्ट्रीय हथकरघा दिवस₹ ( नेशनल हैंडलूम डे) मनाया जाता है। यह दिन हमारे देश की समृद्ध हथकरघा परंपरा का सम्मान करने, बुनकरों के बहुमूल्य योगदान को पहचानने और इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की तारीख का संबंध हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक आंदोलन से है। स्वदेशी आंदोलन: 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाउन हॉल में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार करना और भारत में बने उत्पादों को अपनाना था। हथकरघा का महत्व: उस समय स्वदेशी आंदोलन को आगे बढ़ाने में हथकरघा उद्योग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसने घरेलू वस्त्रों और उत्पादों को प्रोत्साहित करके भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की।

**आधिकारिक घोषणा:** इसी ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने साल 2015 में 7 अगस्त को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।



**यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि इसके कई महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं:**

बुनकरों का सम्मान: यह दिन उन लाखों बुनकरों के कठिन परिश्रम और कला को सम्मान देता है, जो अपनी पारंपरिक तकनीकों से खूबसूरत और अनोखे कपड़े बनाते हैं।

**सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण:** भारत के हर राज्य में हथकरघा की अपनी एक खास शैली है, जैसे बनारसी सिल्क, कांजीवरम साड़ियां, संबलपुरी इक्कत, आदि। यह दिवस इन अनूठी कलाओं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने का संदेश देता है।

**आत्मनिर्भर भारत:** यह दिन 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी बल देता है, जिससे देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता मिले।

**आर्थिक विकास:** हथकरघा उद्योग ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लाखों लोगों, खासकर महिलाओं को रोजगार देता है। यह दिन इस क्षेत्र को मजबूत करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का काम करता है।

इस साल, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2025 के हिस्से के रूप में एक हैंडलूम हैकाथॉन का भी आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य हथकरघा क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीक को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस जैसे आयोजनों और हैकाथॉन जैसी पहलों से भारत के आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण सुधार हो सकते हैं। आइए इन्हें विस्तार से समझते हैं:

**आर्थिक क्षेत्र में सुधार**

**रोज़गार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण:**

हथकरघा उद्योग भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार देने वाला क्षेत्र है, जिसमें लाखों लोग, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, शामिल हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस जैसे आयोजन लोगों को हथकरघा उत्पादों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे बुनकरों की आय बढ़ती है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा सहारा देता है और पलायन को कम करने में भी मदद करता है। खादी उत्पादों की बिक्री में वृद्धि इसका एक अच्छा उदाहरण है।

**बाजार पहुंच और आधुनिकीकरण:**

हथकरघा हैकाथॉन जैसी पहलें बुनकरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ती हैं। ये पहलें स्मार्ट प्रोडक्शन ट्रैकिंग, डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बुनकरों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचने में मदद कर सकती हैं। इससे बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम होती है और उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है।

**नवाचार और उत्पाद विकास:**

हैकाथॉन जैसे कार्यक्रम युवा डिजाइनरों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को हथकरघा बुनकरों के साथ मिलकर काम करने का मौका देते हैं। इससे नए और आकर्षक डिज़ाइन बनाए जा सकते हैं, जो आधुनिक बाजार की मांगों के अनुसार हों। यह पारंपरिक शिल्प कौशल को आधुनिकता के साथ जोड़ता है, जिससे उत्पादों की मांग और बिक्री दोनों बढ़ सकती है।

**महिला सशक्तिकरण:**

चूंकि इस उद्योग में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं, इसलिए इसका विकास सीधे तौर पर महिला सशक्तिकरण से जुड़ा है। जब हथकरघा उद्योग फलता-फूलता है, तो महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती हैं, जिससे उनके सामाजिक सम्मान और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस देश की समृद्ध और विविध बुनाई परंपराओं को एक मंच प्रदान करता है। यह दिवस लोगों को इन पारंपरिक शिल्पों के महत्व के बारे में जागरूक करता है। यह सुनिश्चित करता है कि बनारसी सिल्क, कांजीवरम, इक्कत जैसी अनूठी बुनाई तकनीकें और कला-रूप जीवित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें।

ऐसे आयोजन और हैकाथॉन युवाओं को हथकरघा क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वे देखते हैं कि तकनीक और नवाचार के साथ इस क्षेत्र में भी सफलता मिल सकती है, तो वे इसे सिर्फ एक पुराना शिल्प नहीं बल्कि एक आधुनिक और आकर्षक व्यवसाय के रूप में देखते हैं। इससे पारंपरिक कौशल के हस्तांतरण को बढ़ावा मिलता है।

संक्षेप में, ये आयोजन बुनकरों के लिए आर्थिक अवसर पैदा करने, उनके पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने और उन्हें एक स्थायी भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस भारत में हर साल 7 अगस्त को मनाया जाता है। इसे मनाने के पीछे कई महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं और इसका एक गहरा ऐतिहासिक महत्व भी है।

**उद्देश्य:**

हथकरघा बुनकरों का सम्मान करना: इस दिन का मुख्य उद्देश्य भारत के लाखों हथकरघा बुनकरों के असाधारण कौशल और उनके अमूल्य योगदान को पहचानना और उनका सम्मान करना है। ये बुनकर अपनी कला और शिल्प के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं।

**हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना:** इस दिन का एक और महत्वपूर्ण लक्ष्य हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना है। सरकार और विभिन्न संगठन इस दिन को लोगों के बीच हथकरघा उत्पादों के महत्व और उनके उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

**आर्थिक विकास और रोजगार:** हथकरघा क्षेत्र देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लाखों लोगों को रोजगार देता है, जिसमें 70% से अधिक महिलाएं हैं। यह दिवस इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को उजागर करता है और बुनकरों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने का प्रयास करता है।

**स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना:** यह दिवस ₹वोकल फॉर लोकल₹ और ₹आत्मनिर्भर भारत₹ के विचारों को भी आगे बढ़ाता है, जिससे लोगों को स्वदेशी और हस्तनिर्मित उत्पादों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**हथकरघा विरासत की रक्षा:** यह दिन भारत की हथकरघा विरासत की रक्षा और उसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने के संकल्प को दोहराने का अवसर भी प्रदान करता है।

**राष्ट्रीय दिवस की घोषणा:** 2015 में, भारत सरकार ने स्वदेशी आंदोलन के इसी ऐतिहासिक महत्व को सम्मान देने के लिए 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया।

**पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस:** पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 7 अगस्त 2015 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चेन्नई में मनाया गया था। तब से, यह दिन हर साल भारत की हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने और बुनकरों के योगदान को याद करने के लिए पूरे देश में मनाया जाता है।

*विजय कुमार प्रसाद*
*(पूर्व पुलिस अधिकारी)*

## इतिहास में आज का दिन



7 अगस्त का इतिहास भारत और विश्व के लिए कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है। यह दिन ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनेक घटनाओं के लिए जाना जाता है, जिन्होंने समय के साथ विश्व के इतिहास को आकार दिया। इस दिन घटी घटनाएं न केवल अपने समय में महत्वपूर्ण थीं, बल्कि इनका प्रभाव आज भी विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा सकता है। इस दिन की शुरुआत अगर हम प्राचीन इतिहास से करें, तो 1483 में इंग्लैंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया जब रिचर्ड तृतीय इंग्लैंड के राजा बने। यह घटना यूरोपीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण बिंदु थी, क्योंकि रिचर्ड तृतीय का शासनकाल कई विवादों और युद्धों से भरा रहा। इसके बाद, अगर हम 17वीं सदी की ओर बढ़ें, तो 1614 में मुगल सम्राट अकबर के प्रमुख राजपूत सरदार मान सिंह का निधन हुआ। मान सिंह ने मुगल साम्राज्य की शक्ति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उनकी मृत्यु ने उस समय के राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित किया। 18वीं सदी में 6 जुलाई, 1787 को पश्चिम बंगाल के शिबपुर में भारतीय वनस्पति उद्यान की स्थापना हुई। यह उद्यान न केवल भारत के लिए, बल्कि विश्व के वनस्पति विज्ञान के अध्ययन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया। यह उद्यान आज भी जैव-विविधता के संरक्षण और शोध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बाद 19वीं सदी में एक और क्रांतिकारी घटना घटी, जब 1885 में फ्रांसीसी वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

इस खोज ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति ला दी, क्योंकि रेबीज जैसी घातक बीमारी का इलाज उस समय तक असंभव माना जाता था। पाश्चर की इस उपलब्धि ने लाखों लोगों की जान बचाने में योगदान दिया। 20वीं सदी में 6 जुलाई का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए भी महत्वपूर्ण रहा। 1892 में दादाभाई नौरोजी ब्रिटेन की संसद में चुने जाने वाले पहले अश्वेत और भारतीय बने। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए एक मील का पत्थर थी, क्योंकि इससे पहली बार किसी भारतीय को औपनिवेशिक शासकों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिला। नौरोजी, जिन्हें 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' कहा जाता है, ने ब्रिटिश संसद में भारत के हितों की वकालत की और औपनिवेशिक शासन की नीतियों की आलोचना की।1901 में इस दिन भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ। उन्होंने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के भारत में पूर्ण एकीकरण के लिए संघर्ष किया। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रवादी विचारधारा ने भारतीय राजनीति को गहरे रूप से प्रभावित किया। इसके अलावा, 1905 में भारत की प्रख्यात समाज सुधारक लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म हुआ, जिन्होंने महिलाओं के उत्थान और सामाजिक सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।1935 में बौद्ध धर्म के 14वें धर्मगुरु दलाई लामा का जन्म हुआ, जो न केवल तिब्बत के लिए, बल्कि विश्व स्तर पर शांति और मानवता के प्रतीक बन गए।

1944 में एक और ऐतिहासिक घटना घटी, जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को पहली बार 'राष्ट्रपिता' के रूप में संबोधित किया। यह संबोधन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक भावनात्मक और प्रतीकात्मक क्षण था, जिसने गांधी जी के नेतृत्व को और मजबूती प्रदान की।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# संसद की स्वायत्तता बनाम सीआईएसएफ की तैनाती

राज्यसभा को इधर कई अप्रिय घटनाओं का साक्षी बनना पड़ा। लेकिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले, संसद के इस उच्च सदन के, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की कथित तैनाती को लेकर अभूतपूर्व विवाद में पड़ने को किसी भी लिहाज से लोकतंत्र के लिए श्रेयस्कर नहीं कहा जा सकता। यह मुद्दा न केवल संसदीय कार्यवाही की मर्यादा से जुड़ा है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना और संसद की स्वायत्तता पर भी सवाल उठाता है।

गौरतलब है कि विपक्षी दलों - ख़ासकर कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और अन्य - ने दावा किया है कि सीआईएसएफ कर्मियों को राज्यसभा के वैल में तैनात किया गया। इसे वे लोकतांत्रिक विरोध के सांसदों के अधिकार को दबाने की कोशिश बता रहे हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे संसद का सैन्यीकरण मानते हुए उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को पत्र लिखकर कड़ा ऐतराज जताया। खड़गे का तर्क है कि सांसदों द्वारा जनहित के मुद्दों (जैसे पहलगाम आतंकी हमला और बिहार में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण) को उठाने के दौरान सुरक्षा बलों की उपस्थिति संसद की गरिमा और स्वतंत्रता पर आघात है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश और रेणुका चौधरी ने इसे सांसदों को डराने और उनकी आवाज दबाने की साजिश तथा लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ करार दिया। दूसरी ओर, इस विवाद पर सरकार का नज़रिया एकदम अलग है। संसदीय कार्य मंत्री ऐसी किसी तैनाती से साफ मुकर गए। सरकार का तर्क है कि संसद में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखना ज़रूरी है - ख़ासकर जब सांसद वैल में आकर शारीरिक रूप से आक्रामक रुख अपनाते हैं। यह भी कि कुछ सांसदों के आक्रामक व्यवहार के कारण व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदन में संसद के सुरक्षाकर्मियों (मार्शलों) के अलावा सीआईएसएफ की तैनाती नहीं की गई!

इस विवाद के कई पहलू हैं। पहला, संसद की सुरक्षा का प्रश्न। सीआईएसएफ (जो 1969 में स्थापित एक पेशेवर बल है) को हवाई अड्डों, मेट्रो, और संवेदनशील सरकारी भवनों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। संसद भवन जैसे संवेदनशील स्थान पर इसकी तैनाती स्वाभाविक लग सकती है। लेकिन वैल में इसकी उपस्थिति अभूतपूर्व है! यदि ऐसा हुआ हो, तो सवाल लाजमी है कि, यह तैनाती वास्तव में सुरक्षा के लिए थी या विपक्ष को 'नियंत्रित' करने का सोचा-समझा उपाय? दूसरा पहलू संसद की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक अधिकारों का है। राज्यसभा संविधान के तहत विधायी प्रक्रिया में संतुलन और विचार-विमर्श की भूमिका निभाती है। वह सांसदों का मंच है, जहाँ वे जनता की आवाज उठाते हैं। यदि सुरक्षा बलों की उपस्थिति सांसदों को उनके अधिकारों का प्रयोग करने से रोकती है, तो यह संसद की स्वतंत्रता पर सवाल उठाता है। विपक्ष का यह आरोप वस्तुतः गंभीर चिंता का विषय है कि सरकार असहमति को दबाने के लिए बल प्रयोग कर रही है!

तीसरा, यह विवाद संसद में बढ़ते गतिरोध और हंगामे का भी प्रतीक है। हाल के वर्षों में संसद सत्रों में रचनात्मक चर्चा की कमी और हंगामे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए तो शायद लज्जाजनक भी! अब पानी नाक में घुसने लगा है। ऐसे में क्या दोनों पक्षों को आत्मनिरीक्षण नहीं करना चाहिए कि वे संसद की गरिमा को बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं या नहीं? अंततः इतना और कि पचहत्तर वर्षों में हमारा लोकतंत्र क्या इतना भी वयस्क नहीं हुआ है कि ऐसी घटनाओं का समाधान संवाद और सहमति से निकाल सके! सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष की चिंताओं को गंभीरता से ले और संसद की स्वायत्तता को सुनिश्चित करे। वहीं विपक्ष को भी अपनी बात रचनात्मक तरीके से रखना सीखना चाहिए। संसद लोकतंत्र का मंदिर है और इसकी मर्यादा को बनाए रखना सभी की साझा ज़िम्मेदारी है। किसी भी ओर से हिंसक आचरण और बल प्रयोग सीधे-सीधे लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार की तरह है; इससे बचा जाना चाहिए।

# भागीरथी की संवेदनशीलता की अनदेखी

**सुरेश भाई**

दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और श्रीमद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था।

बाढ़, भूस्खलन, भूकंप से हिमालय की सेहत बिगड़ती जा रही है। मौसम विभाग भी इस विषय पर बार-बार अलर्ट जारी कर रहा है। 5 अगस्त को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर्षिल के निकट धराली कस्बे में खीर गंगा में आयी भीषण बाढ़ ने अपार जनधन को हानि पहुचायी है ।जहां 6 अगस्त की सुबह तक चार लोगों के मृतक शरीर पाये गए हैं और 50 से अधिक लोग लापता है। हर्षिल में आर्मी कैंप के पास से बहने वाले गधेरे में भी 9 सैनिक बह गये हैं। यहां सुखी टॉप के अपोजिट से भी एक अन्य गदेरे की बाढ़ ने भारी नुकसान किया है। तीन दर्जन से अधिक होटल मलवे में तब्दील हो चुके हैं ।यहां लगभग 2000 से अधिक की आबादी भयंकर त्रासदी का सामना कर रही है। दुखद है कि गंगोत्री हाईवे पर ही प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने के लिए लगभग 55 किमी पहले ही भटवाड़ी में 150 मीटर राजमार्ग जमींदोज हो गया है ।इसके आगे भी लिमच्छा गाड़ के ऊपर बना पुल भी बह गया। जिससे राहत और बचाव के लिए पहुंचने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी राहत और बचाव में लगे हुए सैनिक काम कर रहे हैं। प्रभावित लोगों को सैनिकों की देखरेख में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा हैं। भीषण बाढ़ के साथ बहकर आये मलवे के ढेर ने लंबे समय तक हर्षिल के पास भागीरथी के बहाव को भी रोककर रखा ।जिसको बड़ी सूझबूझ से पानी को बहाव क्षेत्र की तरफ निकालने का काम भी किया गया।

वैज्ञानिकों ने भागीरथी के इस जलागम क्षेत्र को बहुत संवेदनशील माना है। जहां पर कोई भी गतिविधि करने से पहले सोच समझ कर विचार करने की आवश्यकता है ।क्योंकि यहां पर बाढ़ और भूस्खलन का बहुत पुराना इतिहास है। 1750 में भी यहां पर 14 किमी लंबी झील बनी थी। जिसमें तीन गांव का अस्तित्व मिट गया था। 6 अगस्त सन्-1978 में भी डबराणी स्थित कनोडिया गाड़ में बाढ़ से भागीरथी में बड़ी झील बनी थी ।उस समय उत्तरकाशी शहर तक को खाली करवाना पड़ा था। तब बाढ़ से नुकसान इसलिए भी कम होता था कि नदी के किनारे लोगों ने अपने घर नहीं बनाये थे। यात्रियों के भोजन और निवास के लिये होटल और ढाबे चट्टी और धर्मशाला के रूप में थे। कहीं पर भी बहुमंजली इमारतें नहीं थी। नदी के बहाव को भी नहीं रोका गया था।

अतः बाढ़ से अब सबसे अधिक नुकसान नदियों के निकट बनी हुई बस्तियों को हो रहा है।

यहां बाढ़ का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। सन्-2017-18 में भी खीर गंगा का जलस्तर बढ़ने से धराली गांव के घरों में मलवा जमा हो गया था। तब एक वर्ष बाद ही लोग मुश्किल से बाढ़ से ऊभर पाये थे। इसी तरह 2023 में भी यहां भूस्खलन से कई दिनों तक गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा है। 2010- 11- 12- 13 में भी भागीरथी और इसकी सहायक अस्सी गंगा में बाढ़ आयी, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी। धराली के पीछे की खड़ी पहाड़ी से आ रही खीर गंगा की जानलेवा आपदा को सन्-2021 में गौरादेवी के रैणी के बगल से बह रही है ऋषि गंगा की आपदा से भी जोड़ा जा रहा है। जहां ग्लेशियर झील टूटने से भीषण बाढ़ आई थी तब वहां 203 लोग मारे गये थे। खीर गंगा भी 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित श्रीकंठ पर्वत के ग्लेशियर से आती है। जिसमें डेढ़ बजे दिन में भारी मात्रा में जल सैलाब निकाल कर के आया और उसके मुहाने पर धराली गांव के होटल और बस्ती को मलवे में तब्दील कर दिया। भागीरथी की इस सहायक नदी मे आयी बाढ़ के बारे में कहा जा रहा है कि यदि यहां बादल फटता तो जल सैलाब के बाद घंटों तक पानी बहता रहता। लेकिन उसने तुरंत ही महाविनाश की जो स्थिति पैदा की उसके बाद बाढ़ की जैसी स्थिति निरंतर नहीं बनी। इस संबंध में वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार धराली के ऊपर पहाड़ी से ग्लेशियर के रूप में एकत्रित मलवे के खिसकने (ग्लेशियर डिपॉजिट डेब्रिज) के रूप में भी माना जा रहा है। इन सब विपरीत परिस्थितियों के के बावजूद भी कोई सबक नहीं लिया गया। यहां पर अंधाधुंध पर्यटन के नाम पर जो दर्जनों बस्तियां खड़ी हुई है। वे सभी भागीरथी में मिलने वाले दर्जनों ग्लेशियर के गाड़ गदेरों के निकट ही बसे है। जिस तरह से यहां बेतरतीब निर्माण कार्य जैसे बहुमंजिला इमारतें, बड़े पैमाने पर वनों का विनाश, निर्माण के लिये बड़ी-बड़ी जेसीबी और पोकलैंड मशीनों के उपयोग ने हिमालय की रीड को हिला-हिलाकर कमजोर कर दिया है ।गंगोत्री में भी सुरक्षा के नाम पर इसी तरह की स्थिति है। बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंचन नाला, पागल नाला, पापड़ी धार, पीपलकोटी आदि संवेदनशील जोन बने हुए हैं। बद्रीनाथ मास्टर प्लान का भी लोगों ने विरोध किया है। हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग बार-बार बंद होता रहता है। ज्योतिर्मठ के पास निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना के चारों तरफ भूस्खलन हो रहा है ।यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी भारी जनधन की हानि जून के महीने में हो चुकी है। उत्तराखंड के लिए भी देश की शीर्ष अदालत का यह निर्णय महत्व रखता है जिसमें हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी असंतुलन पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हालात नहीं बदले तो हिमाचल विलुप्त हो सकता है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर राजस्व नहीं कमाया जा सकता है। प्रदेश में चल रही गतिविधियों से प्रकृति नाराज है ।ऐसी हालत में केवल प्रकृति को दोष देना सही नहीं है ।आपदा के संबंधित अधिकतर घटनाओं के लिए इंसान जिम्मेदार है। 28 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट में हुई इस सुनवाई के दौरान कहा गया है कि हिमाचल में विनाश का सबसे बड़ा कारण जल विद्युत परियोजनाएं, चार लेंन सड़के, वनों की कटाई, बहुमंजलि इमारतें, अनियंत्रित पर्यटन है। जिसके लिए सरकार को कहा गया की भू वैज्ञानिकों, पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों से राय मशविरा के बाद ही कोई कार्य किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद उन सामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यावरणविदों के लिए भी बड़ी राहत है कि जब वे भी इसी तरह की बात को उठाते हैं तो उन्हें विकास विरोधी कहने में कोई देर नहीं की जाती है।

बरसात के मौसम का प्रभाव उत्तराखंड और हिमाचल पर सबसे अधिक है ।केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी सोनप्रयाग के पास अगस्त के प्रथम सप्ताह में लगभग 150 मीटर लंबा मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया ।जिसके बाद 6 किमी जंगल से पैदल जाना पड़ रहा है। केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को कुल 22 किमी पैदल चलना पड़ रहा हैं। इसके बावजूद भी भारी बारिश के चलते मोटर मार्ग को खोलने का प्रयास भी बार-बार किया जाता है। 5 अगस्त तक हिमाचल में 193 लोग बाढ़ में जान गंवा चुके हैं ।लगभग 1500 करोड रुपए का नुकसान बताया गया है। उत्तराखंड में भी लगभग 70 से अधिक लोग बाढ़ और भूस्खलन में अपनी जान गवा चुके हैं। लोग पूछ रहे हैं कि इस तरह की जानलेवा आपदाओं से कब सबक लेंगे? क्या सरकार समाज के साथ मिलकर हिमालय के विकास के लिए कोई अलग से विचार करेंगी?

*(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता है)*

खबरें फटाफट

## प्रमिला सभागार में हरियाली तीज का आयोजन हुआ



कानपुर,नगर निगम मुख्यालय स्थित प्रमिला सभागार में महापौर द्वारा हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में बढ चढ़कर हिस्सा लेती है, इसलिये महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही है। सावन माह बहुत ही पवित्र माह माह माना जाता है, सावन माह में ही पूर्वाचल में कजरी का आयोजन किया जाता है। हरियाली तीज के कार्यक्रम में झूला एवं पूर्वान्चल का कजरी गीत गाया गया।

कजरी गीतों ''रेलिया बैरंग पिया को लिये जाये रे, सावन का महीना पवन करे शोर इत्यादि गीतो पर झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर नगर निगम की महिला पार्षद विद्या देवी, आरती त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, वन्दना शर्मा, आरती गौतम, नित्या वाजपेई पूर्व पार्षद निर्मला मिश्रा सहित भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों में भाजपा महिला मोर्चा उत्तर जिलाध्यक्ष सरोज सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की दक्षिण जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व भाजपा नेत्री पुष्पा तिवारी, मंजू त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरौधा में 'पर ब्लाक वन क्राप" गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया

कानपुर देहात 6 अगस्त 2025 जनपद के ग्राम देवब्रहमापुर विकास खण्ड मलासा एवं बहेड़ीखुर्द विकास खण्ड अमरौधा में 'पर ब्लाक वन क्राप₹ गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमशः 50-50 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कृषकों को उ०प्र० सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

उन्होंने अवगत कराया कि उद्यान विभाग के माध्यम से आप लोग ₹पर ब्लाक वन क्राप₹ योजना के माध्यम से अपनी फसल को बाहर बैंच कर उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के साथ औद्यानिक विशिष्ट फसलों का चयन एवं उत्पादन के साथ उपज के मूल्य संर्वधन, पैकेजिंग, विपणन, ब्रांडिंग और दृष्टिकोण से उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिये तथा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से 'पर ब्लाक वन क्राप₹ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी, डॉ०बल्देव प्रसाद, घनश्याम, उ०नि० एवं रमेश चन्द्र कटियार, स०उ०नि० उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना की समीक्षा

### बैंकर्स प्राप्त आवेदनों का भली भांति परिक्षण करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निस्तारण:-मुख्य विकास अधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० की अध्यक्षता में बैंकर्स डी0आर0पी0 की उपस्थिति में पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना कि समीक्षा की गयी। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद हेतु प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 696 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिनमे से अब तक 305 प्रस्ताव बैंको द्वारा स्वीकृत किये जा चुके है तथा वर्तमान में 120 प्रस्ताव विभिन्न बैंक शाखाओं में स्वीकृत हेतु लम्बित है एवं 317 आवेदन रिजेक्ट किये गए है। मुख्य विकास अधिकारी ने लंबित प्रस्ताव के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि डी0आर0पी0 वार संकलित सभी प्रस्ताव सम्बंधित बैंक शाखाओं में भेज कर उन्हें स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही शीघ्र ही पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक डी0आर0पी0 को लक्ष्य आंवटित कर अधिकाधिक प्रस्ताव स्वीकृत करने का प्रयास किया जाये वहीं प्रस्तावों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कम होने व बैंको द्वारा प्रस्ताव निरस्त करने के साथ-साथ कई महीनों से पेन्डिंग पत्रावली पर कोई कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि शाखाओं में प्राप्त आवेदनों का भली भांति परिक्षण किया जाए कोई भी आवेदन बिना किसी कारण लम्बे समय तक रोका न जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो लोग भी इस योजना से लाभ लेना चाहते हैं उन्हें आसानी से सभी कागजी कार्यवाही पूरी करके योजना से लाभान्वित किया जाए।

## जनपद के विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर देहात ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान के अंतर्गत आज जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन के मार्गदर्शन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।विद्यालयों में छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली और ₹वंदे मातरम्₹, ₹भारत माता की जय₹, जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना एवं स्वतंत्रता के महत्व को समझाना रहा।

रैली के उपरांत विद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने तिरंगे, भारत माता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं राष्ट्रीय प्रतीकों को रंगों के माध्यम से सुंदर रूप में प्रस्तुत किया।

## मसवानपुर में तालाब किनार

# 5 दिन से लापता युवक का बोरे में शव पड़ा मिला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मसवानपुर में तालाब किनारे 5 दिन से लापता युवक का बोरे में शव पड़ा मिला। परिजनों ने घर के पास रहने वाली युवती के पिता हत्या का आरोप लगाया है।

बताया कि 3 अगस्त की रात युवक के पास फोन आया था। फोन करने वाले ने मिलने के बुलाया था। जिसके बाद युवक ने कॉल हिस्ट्री डिलीट कर दी थी। परिजनों का आरोप है कि युवती के पिता ने घर आकर धमकाया था।

पुराना मसवानपुर निवासी रज्जन गौतम गोविंद नगर स्थित पान मसाला फैक्ट्री में काम करते हैं। परिवार में पत्नी सुनीता व चार बच्चे खुशबू, सुमित (18), पायल व नैना है। लाजपत नगर निवासी चचेरे भाई अनिकेत ने बताया कि सुमित शादी पार्टी में वेटर का काम करता था। पास में ही रहने वाली युवती से उसका कुछ सालों से प्रेम प्रसंग था। चचेरे भाई के मुताबिक 3 जुलाई की रात करीब 8 बजे सुमित के पास फोन आया। कॉलर ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। जिसके बाद सुमित कॉल हिस्ट्री डिलीट कर मोबाइल घर पर ही छोड़ कर चला गया था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया।

परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने रावतपुर थाने में आज गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आज दोपहर करीब एक बजे युवक का मसवानपुर तालाब किनारे बोरे में शव पड़ा मिला। परिजनों ने मोहल्ले में रहने वाली युवती के पिता पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि 4 जुलाई को युवती के पिता घर आए थे और बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी। वहीं शव मिलने के बाद मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है।

# पुलिस आलोक सिंह कानपुर द्वारा वीडियो के माध्यम से जोन के समस्त जनपदों के अधिकारी साइबर अपराधो पर नियंत्रण कर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोन के समस्त जनपदों के नोडल अधिकारी साइबर क्राइम के साथ साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही करनें, साइबर सेल, साइबर थाना में साइट्रेन पोर्टल के माध्यम से बेसिक रिस्पांडर और इन्वेस्टीगेशन की प्रशिक्षण प्रदान कर पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करनें के निर्देश दिये गये। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा पंडित दीनदयाल सभागर कक्ष जनपद झांसी में महिला प्रशिक्षुओं से संवाद कर पुलिस प्रशिक्षण, अनुशासन, पुलिस में सेवा भाव, स्पेशल फील्ड्स और चुनौतियों व भविष्य में पुलिसिंग के परिदृश्य से अवगत कराया गया तथा उनके सुझावों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तत्पश्चात साइबर सेल का निरीक्षण, महिला प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दे रहे आई0टी0आई0 व पी0टी0आई0 के साथ गोष्ठी व वरिष्ठ अधीक्षक कार्यालय में आये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उपस्थित पुलिसजन को निर्देशित किया गया। इस दौरान श्री केशव कुमार चौधरी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी व बी0बी0जी0टी0एस0 मूर्ति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी व अन्य अधिकारी/कर्मचीगण उपस्थित रहे।

## मूसलाधार बारिश में गिरे पेड़ के नीचे मिले दो शव, शिनाख्त नहीं

कानपुर। दो दिन पहले शहर में हुई मूसलाधार बारिश की वजह से जूही ढाल क्षेत्र में पेड़ गिर गया था। दो दिनों से क्षतिग्रस्त पेड़ हटवाने के दौरान दो शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। दो दिन पूर्व शहर में हुई मूसलाधार बारिश ने जमकर उत्पाद मचाया जहां शहर की आधे से ज्यादा सड़के जलमग्न हो गयीं। तो वहीं जूही थाना क्षेत्र के जूही ढाल क्षेत्र में काफी बड़ा और पुराना पेड़ अचानक सड़क की ओर गिर गया था। जिससे समीप लगे दो विद्युत खम्भे भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गए। स्थानीय पुलिस द्वारा इस घटना की तत्काल सूचना सम्बंधित विभागों को दी गई थी और उद्यान विभाग द्वारा मौके पर पेड़ की कटाई एवं सड़क से मलबा हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा था।

## धर्मार्थ चिकित्सालय में वकीलों ने धावा बोल अवैध चेंबर बनाने की कोशिश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में धर्मार्थ चिकित्सालय में वकीलों ने धावा बोल अवैध चेंबर बनाने की कोशिश की। कब्जे की जानकारी पर पहुंचे लोगों ने विरोध जताते हुए टीनशेड और बोर्ड उखाड़ फेंका। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। भारी पुलिस बल पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। 10 से अधिक वकील चिकित्सालय पहुंचे कचहरी रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के पुजारी भगतराम ने बताया- मंदिर की ओर से वहां धर्मार्थ चिकित्सालय संचालित होता है। सोमवार रात करीब एक दर्जन वकील टिनशेड, लोहे के एंगल, जाली, बोर्ड समेत अन्य सामान लेकर चिकित्सालय परिसर में पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने जताया विरोध फिर अवैध चैंबर बनाने की कोशिश की। कब्जे की जानकारी पर चिकित्सालय से जुड़े लोग व मोहल्ले वाले मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने विरोध जताया तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट करने की कोशिश की। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस का देख आरोपी वकील फरार हो गए। बार व लायर्स पदाधिकारियों को दी जानकारी वहीं गुस्साए लोगों ने वकीलों का नाम लिखा बोर्ड व टीनशेड उखाड़ फेंका। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि पुजारी समेत अन्य लोगों ने भविष्य में इस तरह की घटना न होने की बात कही है। बार व लायर्स के पदाधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया है।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

वृष : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

मिथुन : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

कन्या : आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

तुला : आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

वृश्चिक : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग।

धनु : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

मकर : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

कुंभ : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

मीन : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त पाए गए कानपुर एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश के निलंबन का आदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर नगर भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त पाए गए कानपुर के एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश के निलंबन का आदेश उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 24 जुलाई को सुनाया था। इसके बाद भी वह रोज ऑफिस में काम कर रहे थे। उनके आदेश के 13 दिन बाद कानपुर के सीएमओ ऑफिस में मंगलवार को पत्र पहुंचा। इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वर्तमान समय में डॉ. सुबोध प्रकाश डीटीओ का जिम्मा संभाल रहे थे। डॉ. सुबोध प्रकाश वर्ष 2003 में अलीगढ़ से तबादला होकर कानपुर नगर में परामर्शदाता के पद पर आए थे। वर्ष 2019 में उनकी पदोन्नति हुई और उन्हें कानपुर नगर में ही एसीएमओ बना दिया गया। डॉ. सुबोध प्रकाश पर आरोप लगे कि उन्होंने विभिन्न सप्लायरों से साठगांठ करते हुए वित्तीय अनियमितताएं कीं। ये पोल उनकी तब खुली, जब यहां पर नए सीएमओ बनकर डॉ. हरी दत्त नेमी आए थे।

नवंबर 2024 में डॉ. सुबोध प्रकाश ने फार्मासिस्ट अवनीश शुक्ल, डॉ. वंदना सिंह और वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ मिलकर मेसर्स जेएम फार्मा से मिलकर जेम पोर्टल व अभिलेखों में हेराफेरी कर घटिया सामग्री खरीदी थी। इसमें 1.60 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। मामला खुलने के बाद सीएमओ ने इसकी जांच करवाई और डॉ. यादव को जांच में दोषी पाया गया। एसीएमओ के निलंबन के बाद आरोपी चीफ फार्मासिस्ट और वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

मामले में दोषी पाए गए चीफ फार्मासिस्ट अवनीश शुक्ला तो अब रिटायर हो चुके हैं। वहीं, मंगलवार रात सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी ने डॉ. सुबोध के निलंबन की पुष्टि की थी। डॉ. सुबोध अब महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। निलंबन पत्र के मुताबिक डॉ. सुबोध ने 23 अक्तूबर 2024 फर्म एजएस फार्मा को प्रपत्र अधूरे होने के बाद भी इसे बिड के लिए सफल घोषित किया था। इसी वर्ष नवंबर माह में फर्म द्वारा निर्धारित समय पर आपूर्ति न करने पर रविवार के दिन मनमाने तरीके से नया क्रयादेश जारी कर आपूर्ति करने का अतिरिक्त समय दे दिया गया। प्राप्त सामग्रियों के बैच नंबर में भी भिन्नता पाई गई। इसके बाद दिसंबर 2024 में भ्रष्टाचार में लिप्त फर्म को भुगतान किए जाने का प्रयास किया गया था।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों द्वारा जिलाधिकारी को रक्षा सूत्र बांधकर दिया आध्यात्मिकता का संदेश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर नगर, आज बी.के. दुलारी दादी आयु 96 वर्ष,राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बी.के. गिरजा दीदी, बी.के. सरोज बहन, बी.के. रूप किशोर भाई एवं बी.के. सुनील भाई कलेक्ट्रेट पहुँचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) अपर जिलाधिकारी नगर,सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधा। ब्रह्माकुमारी बहनों ने आध्यात्मिक रक्षा एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सच्चा रक्षा सूत्र वह होता है जो हमें आत्मिक रूप से सशक्त करे और बुराई से बचाए।

जिलाधिकारी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के इस आध्यात्मिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य प्रशासनिक तंत्र को भी मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# जनता दर्शन में बुज़ुर्ग ने जिलाधिकारी से लगाई पानी न आने की गुहार, 24 घण्टे में पहुंचा पानी



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में ग्राम धीमऊ, तहसील बिल्हौर की 65 वर्षीय रमा गुप्ता को जब हर ओर से निराशा मिली, तो वे लम्बा सफर तय कर बीते मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उनकी समस्या गंभीर थी। गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगभग सभी घरों में नल लग चुके थे, लेकिन कुछ दबंगों के विरोध के कारण रमा गुप्ता के घर में कनेक्शन नहीं हो सका था। जनता दर्शन में जिलाधिकारी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र में वृद्धा ने बताया कि नल कनेक्शन न होने से उन्हें रोजाना दूर से पानी लाना पड़ता है। जो इस उम्र में बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने पूर्व में कई बार शिकायतें कीं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम, नायब तहसीलदार बिल्हौर और संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने और छह अगस्त तक नल कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसमें बाधा डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई और बुधवार की दोपहर तक रमा गुप्ता के घर में नल से जल आपूर्ति शुरू करा दी। वर्षों की प्रतीक्षा के बाद घर में पानी की धार देखकर वृद्धा की आंखों में आंसू छलक पड़े। उन्होंने जिलाधिकारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब रोज़ पानी ढोना नहीं पड़ेगा, अपने घर में ही नल का पानी मिलेगा जिससे जीवन की राह आसान होगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे संविधान साहित्य पार्क, अवलोकन कर विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुरादाबाद। बुधवार को मुरादाबाद 24 वाहिनी पीएसी ग्राउंड में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण,शिलान्यास एवं उद्यमियों को ऋण वितरण कार्यक्रम में रहना हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सहायता राशि का वितरण भी की। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव, समाज के अंतिम पायदान तक जनसुविधाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ सतत क्रियाशील है। सभी ने मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित होकर जनसेवा और विकास के इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान साहित्य पार्क पहुंचे। इस मौके पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल भी उनके साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा, वे हनुमान वाटिका और स्पंदन सरोवर का भी भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री ने नगर निगम द्वारा विकसित विभिन्न परियोजनाओं की भी सराहना की और कहा कि ये परियोजनाएँ शहर की सुंदरता और नागरिक सुविधाओं में वृद्धि करेंगी। इस अवसर पर मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष आकाश पाल, सदस्य विधान परिषद डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, बढ़ापुर से विधायक कुंवर सुशांत सिंह, हरिओम शर्मा, नगर निगम अधिकारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म आरोपित को 20 साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद के न्यायाधीश पॉक्सो धनेंद्र कुमार की अदालत ने किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा करने और दुष्कर्म मामले में सुनवाई के बाद आरोपित मोनू माली को दोषी ठहराया। बुधवार को अदालत ने मामले में आरोपित दोषी को 20 साल के कारावास की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

मुरादाबाद महानगर के थाना कटघर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया था कि वह अपने बेटे और पत्नी के साथ सात जून वर्ष 2021 को घर से बाहर गए थे। घर पर उसकी 15 वर्षीय नाती अकेली थी। इस बीच मोनू माली निवासी विवेक विहार निकट रेलवे लाइन चंदौसी पंडित नगला किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज की। इसके बाद मोनू माली की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपित के साथ किशोरी को उत्तराखंड से बरामद किया। किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित मोनू के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और लूटपाट की धारा के तहत केस दर्ज किया। किशोरी ने बताया था कि आरोपित घर से जेवरात भी लूटकर ले गया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अदालत में सुनवाई के दौरान जिला अर्द्धशासकीय अधिवक्ता मनोज गुप्ता ने दलीलें रखी। कोर्ट ने दोनों तरफ के तर्कों को सुनने और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद मोनू माली को बाल संरक्षण अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

## शादी का सामान सहित नगदी चोरी, तीन पर मुकदमा

भोजपुर। ग्राम रूस्तमपुर तिगरी निवासी इबले हसन पुत्र भूरा ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को तहरीर देकर बताया कि बीती चार अगस्त की रात के समय वह अपने परिवार के साथ ऊपर छत के बरामदे में सो रहा था। रात में मेरे घर में दो चोर घुस आये। तथा बाकी बाहर थे। प्रार्थी की पुत्री शायदा घर के ऊपर बरामदे में सो रही थी, मेरी पुत्री ने अपने घर से दो चोरों को हाथों में सामान लेकर जाते देखा जिसमें दोनो को पहचान लिया जिसका नाम विशाल पुत्र रामकिशन व उवैस पुत्र शमशाद को देखा है। पुत्री ने जब शोर मचा दिया। जिससे मोहल्ले में जाग हो गई।

# खो बैराज से रामगंगा नदी में छोड़ा 72 हजार क्यूसेक पानी,मुरादाबाद में मंडराया बाढ़ का खतरा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। बीते 48 घंटे में जिले में 80 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसी बीच खो बैराज से रामगंगा नदी में 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ गया, जिससे रामगंगा नदी में बाढ़ आ सकती है। जिला प्रशासन ने रामगंगा और ढेला नदी पर बनी सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है।

बाढ़ खंड विभाग के जेई अरविंद कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को खो बैराज से रामगंगा नदी में 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो आज (बुधवार) शाम तक क्षेत्र में पहुंचेगा। यदि ज्यादा पानी छोड़ा गया तो स्थिति खराब हो सकती है। रामगंगा और ढेला नदी का जलस्तर भी भारी बारिश के कारण तेजी से बढ़ रहा है।

उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि ठाकुरद्वारा तहसील में स्थित बाढ़ कंट्रोल रूम से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। रामगंगा और ढेला नदियों पर 12 बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मंगलवार देर रात फिर से बारिश शुरू हो गई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया।

# चंदुपुरा में लगाया गया अत्याधुनिक पशु चिकित्सा एवं बाँझपन निवारण शिविर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



ठाकुरद्वारा। पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने और पशुओं में बाँझपन जैसी जटिल समस्याओं के समाधान हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा एक दिवसीय पशु चिकित्सा एवं बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन ग्राम चंदुपुरा,तहसील ठाकुरद्वारा में किया गया। यह शिविर इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण आयोजन का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. के. सिंह ने किया। डॉ. शर्मा ने अपने उद्बोधन में पशुपालकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे — मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा योजना, बकरी एवं सूकर पालन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। परियोजना प्रभारी प्रोफेसर डॉ. अमित वर्मा ने पशुओं के आहार में खनिज एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की महत्ता पर बल देते हुए बताया कि इनकी कमी से पशुओं में भूख न लगना, समय पर हीट में न आना, गर्भपात, दूध उत्पादन में गिरावट और एनीमिया जैसी समस्याएं देखी जाती हैं।

## कटघर थाना क्षेत्र में अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



कटघर। जनपदीय पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वाले मामलों में कड़ा कदम उठाते हुए अवैध चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कुल 13 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। पुलिस ने नागरिकों से शांति और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

## खबरें फटाफट

### अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

मुरादाबाद। थाना क्षेत्र कटघर की चौकी दस सराय के अंतर्गत आने वाले मौहल्ला रहमत नगर, गली नंबर 8 में पुलिस ने नशीली पदार्थ चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई चौकी प्रभारी और उपनिरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कि रहमत नगर इलाके में एक व्यक्ति अवैध रूप से नशीली सामग्री की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपी को रंगे हाथों चरस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### कूड़का नदी पर अतिक्रमण के चलते नगर में जलभराव

ठाकुरद्वारा। नगर से सटी कुड़का नदी पर अतिक्रमण के कारण नदी ने नाले का रूप ले लिया है। जिस कारण बारिश होने से नदी का पानी नगर के कई मोहल्लों में घुस जाता है और जल भराव की स्थिति पैदा होने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

नगर के वार्ड 5 ,8,10 ,13 आदि कई वार्ड कुड़का नदी से सटे वार्ड है।जिन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर अपने मकान और प्रतिष्ठान बना लिए हैं। जिस कारण बरसाती पानी नदी से निकलकर लोगों के घरों में घुस जाता है और जल भराव की स्थिति हो जाती है।

मंगलवार की रात्रि हुई भारी बारिश के चलते जलभराव होने से नागरिकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कूड़का नदी पर अतिक्रमण की शिकायत करने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। नगर पालिका सभासद सुहेल खान ने बताया कि 22 मई 2025 को उन्होंने आईजीआरएस के माध्यम से कूड़का नदी पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतिक्रमण के चलते लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



मुरादाबाद। परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 01 विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम. पी. यादव के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में बुधवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 01 प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

## बैंको की सुरक्षा को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

भोजपुर। राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही, काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन भी किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना एवं स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास से उन्हें अवगत कराना था। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन डॉ. पूजा निर्माणिया एवं कुमारी मधु त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.असीम ने की।रंगोली प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम निम्नलिखित प्रथम स्थान साक्षी बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान अर्चना बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर,तृतीय स्थान अनीशा बी.ए. पंचम सेमेस्टर,प्रथम स्थान फैजान बी.ए. पंचम सेमेस्टर द्वितीय स्थान अनीशा बी.ए. पंचम सेमेस्टर,तृतीय स्थान नाजिया बी.ए. पंचम सेमेस्टर,भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी,प्रथम स्थान फैजान बी.ए. पंचम सेमेस्टर,द्वितीय स्थान अरबाज बी.ए. तृतीय सेमेस्टर,तृतीय स्थान नाजिया बी.ए. पंचम सेमेस्टर एवं रानी बी.एससी.पंचम एवं प्रथम सेमेस्टर,महाविद्यालय परिवार द्वारा विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना को विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सचिन अग्रवाल ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यापित किया समस्त महाविद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त,जगह-जगह हुआ जल भराव, घरों और दुकानों में पानी भरने से भारी नुकसान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



ठाकुरद्वारा। भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सुबह से ही रुक रुक कर बारिश होती रही पूरे दिन आसमान में काले घने बादल छाए रहे रात करीब 9:30 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई।बुधवार की सुबह करीब दस बजे तक रुक रुक कर बारिश होती रही। जिस कारण नगर के मोहल्ला पीपल टोला, बुध बाजार, शगुन तिराहा, समरसता पार्क मार्ग, छः राहा,बड़ा बाजार, रतूपुरा मोड,नगलिया रोड, वीआईपी कॉलोनी और जमनावाला में सड़कों पर जल भरा हो गया बरसात का पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस जाने से भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। वहीं नगर के वेयर हाउस के पास झुग्गी झोपड़ियां डालकर रह रहे लोगों के घरों में बरसाती पानी नाले को तोड़ता हुआ उनके घरों में घुस गया जिससे उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। उधर ठाकुरद्वारा स्योहारा मार्ग पर रतूपुरा मोड पर भारी जल भराव हो जाने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई और काफी समय तक जाम की स्थिति बनी रही। रबिजली घर में बरसाती पानी भरने से 14 घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप बिजली घर में बरसाती पानी भर गया जिस कारण मंगलवार की रात्रि करीब 12:30 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार की सुबह मोटर चला कर बिजली घर से पानी निकला गया तब जाकर करीब दोपहर 2:00 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू की जा सकी।

# रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



मुरादाबाद। जमीनी इलाकों व पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदियों में जलस्तर बढ़ गया है। मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में बुधवार शाम तक रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जिले में अभी बाढ़ के हालात नहीं हैं। फिर भी सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया है। एडीएम फाइनेंस का कहना है कि कहीं पर भी पानी आबादी के नजदीक नहीं आया है।

रामगंगा कटघर रेलवे ब्रिज के पास रामगंगा में चेतावनी स्तर 190.600 मीटर है। रात दस बजे नदी का जलस्तर 189.560 मीटर पहुंच गया है। वहीं, गांगन नदी का जलस्तर 189.10 मीटर पहुंच गया है, जबकि इसका चेतावनी स्तर 192.28 मीटर है। इसके अलावा मुरादाबाद में 78 गांव बाढ़ आशंकित हैं। यहां पर जिला प्रशासन ने 29 राहत शिविर और 35 बाढ़ चौकियां बनाई हैं।

अपर जिला वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बुधवार को बताया कि एक मेडिकल बोट तैयार करवाई जा रही है। इसके माध्यम से 15 अगस्त से बाढ़ आशंकित क्षेत्रों में दवा वितरित की जाएगी। एसडीआरएफ और पीएसी की दो कम्पनियां तैनात कर दी गई हैं। अभी 19 नाव उपलब्ध हैं। सभी तहसीलों में अधिकारियों और कर्मचारियों से सम्पर्क किया जा रहा है। कहीं पर भी पानी आबादी के नजदीक नहीं आया है। इसके बावजूद लोग सतर्क और जागरूक रहें।

# युवक को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख की ठगी, केस

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




मुरादाबाद। उत्तराखंड के बाजपुर निवासी युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को बुधवार को दिए शिकायती पत्र में थाना गलशहीद क्षेत्र निवासी पति पत्नी पर सऊदी अरब में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। मामले में एसएसपी ने थाना गलशहीद पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। गलशहीद एसओ सौरभ त्यागी ने बताया कि मामले में मुरादाबाद निवासी पति-पत्नी सहित तीन आरोपितों पर आज केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड के बाजपुर निवासी मकसूद ने मुरादाबाद के एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि दो साल पहले उसकी मुलाकात मुरादाबाद जेल में बंद गलशहीद के असालतपुरा निवासी जाकिर हुसैन से हुई थी। मुलाकात के दौरान जाकिर ने दावा किया कि वह लोगों को सऊदी अरब भेजने का काम करता है। मकसूद का कहना था कि जेल से छूटने पर जाकिर ने उसे 13 मई 2023 को असालतपुरा बुलाया। वहां आरोपित जाकिर, उसकी पत्नी छोटी बाजी ने बताया कि सऊदी अरब भेजने में 1.60 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसके बाद आरोपितों ने 4 जून 2023 को वीजा आदि के नाम पर बीस हजार रुपये दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी अपने रिश्तेदार बिलाल हुसैन के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। 17 जून 2023 को 30 हजार रुपये एक अन्य खाते में ट्रांसफर कराए। इसके बाद जाकिर ने 50 हजार रुपये नकद लिए और दावा किया कि तीन माह में उसे सऊदी अरब भेज देंगे।

समय बीतने के बाद उसने आरोपित जाकिर से कॉल करके पूछा तो वह बहाना बनाने लगा। कई बार कॉल करने पर उसने धमकी दी कि विदेश की जगह तुमको सीधे ऊपर भेज दूंगा।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस

43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र

आवश्यकता है

नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।

7080333338 011-49066569

news.vpl@gmail.com

VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash-II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur 208001

Instagram facebook

# सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत परिजनों में मचा कोहराम, शोक की लहर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। जिले के कर्नलगंज-कटरा बाजार मार्ग पर मंगलवार की बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उमरिया नहर के पास हुआ, जहां बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान ग्राम दिनारी के उसरेरिया निवासी 25 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र कैलाश और 19 वर्षीय मोहित पुत्र चंदी प्रसाद के रूप में हुई।

दोनों युवक किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर पहाड़ापुर गए थे और देर रात लौटते समय यह हादसा हुआ।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बुधवार की बीती देर रात्रि में रामगढ़ मोड़ पर झाड़ी में वाहन संख्या यूपी 43X6155 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हालत में व दो लोगों के गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची मौके पर घायल अवस्था में पड़े



युवकों को एंबुलेंस द्वारा कटरा बाजार सीएचसी भेजवाया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दोनों घायलों को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान अनिल कुमार कोरी पुत्र राम कैलाश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत दिनारी (उसरेर) थाना कर्नलगंज तथा उसी गांव निवासी मोहित कुमार 21वर्ष पुत्र चंदी प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक अनिल कुमार का



विवाह मात्र चार माह पहले हुआ था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं मोहित की कम उम्र में मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया।

एक ही गांव के दो युवकों की सड़क हादसे में मौत से गांव में मातम छाया हुआ है, वहीं दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोग मार्ग पर रात में भारी वाहनों की अनियंत्रित गति को हादसे का कारण मान रहे हैं।

# शिव पुराण कथा में 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन होता है : रवि शंकर महराज





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोन्डा। शिव महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा के तत्वाधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लान में आयोजित अंतिम दिन बुधवार को प्रातः 6 बजे से पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक दूध, गन्ने और कुश मिश्रित जल से हुआ यह रुद्राभिषेक रोग निवृत्ति के लिए माना जाता है। उसके बाद हवन पूजन सभी भक्तों ने बारी बारी किया। उसके बाद पूर्णाहुति हुई फिर आरती हुआ उसके प्रसाद वितरण हुआ।

पार्थिव पूजन के समय समय तमाम भक्तगण मौजूद रहे। मंगलवार को सांयकाल अंतिम दिवस की कथा में श्री रविशंकर जी महाराज गुरु भाई जी ने 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन कथा के माध्यम से किया।कथा को सुनकर भक्तों का हृदय मंत्र मुग्ध हो गया।

भजन गायिका बंकू सिस्टर्स के सुंदर-सुंदर भजनों पर लोग खूब झूमे।कथा स्थल पर उज्जैन से आईं महाकाल की विराट झांकी सजी हुई थीं। कथा में मुख्य यजमान श्रीमती आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे।

कथा के दौरान बीच-बीच में भगवान भोलेनाथ की भजनों की अमृत वर्षा हुई। कथा में साज सज्जा और कोरस पर शिवा पंडित और राघव पंडित ग्रुप रहा। कथा समाप्ति पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा के दौरान संदीप मेहरोत्रा, शिव शंकर सोनी, रवि सोनी, अमित सोनी, संजय रस्तोगी, दीपक मराठा, गोविंदा महराज, देवेंद्र सोनी, आयूष सोनी , दिलीप मिश्रा, माया सोनी, कनक लता सोनी, निहारिका रस्तोगी, वन्दना रस्तोगी, आशा रस्तोगी, आंचल सोनी, सोनिया रस्तोगी, ममता सोनी, रंजना सोनी सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# बिजली मूल्य वृद्धि पर व्यापार प्रतिनिधि मंडल करेगा आंदोलन



- अभिषेक अध्यक्ष बने तो रजत महामंत्री

गोंडा।पड़ोसी राज्यों के सापेक्ष यदि बिजली मूल्य में अधिक वृद्धि किया गया तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश व्यापी आंदोलन चलाएगा।यह बात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारी लाल कंछल ने एक दिवसीय जनपद प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई ऐतिहासिक फैसले किए हैं। जिसके लिए व्यापार मंडल सरकार को धन्यवाद देता है।पूर्व सांसद ने 12 लाख के आय को कर मुक्त करने तथा टोल टैक्स में कटौती के लिए भी केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इससे पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक कर जिले में संगठन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अभिषेक गोयल को जिला अध्यक्ष तथा रजत सोनी को महामंत्री बनाने की घोषणा करते हुए आगामी एक माह में कार्यकारिणी गठन का निर्देश दिया।बैठक का संचालन व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री बनारजी लाल गुप्ता ने किया।बैठक में मोनू तिवारी, शिव बहादुर सिंह सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

# घाघरा नदी खतरे के निशान से43सेंटीमीटरऊपर,3768 66 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा।जिले में घाघरा नदी एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।आज सुबह 8 बजे गिरिजा बैराज से 172973 क्यूसेक, शारदा बैराज से 172114क्यूसेक तथा सरयू बैराज से 31789 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

वर्तमान समय में देर रात 8 बजे और आज अपरान्ह 4 बजे छोड़ा गया पानी इस समय घाघरा नदी में बह रहा है।आज छोड़ा गया 376866 क्यूसेक पानी देर रात तक घाघरा नदी में पहुंचेगा।इससे नदी का जलस्तर खतरे के निशान से और अधिक बढ़ सकता है।तरबगंज और करनैलगंज तहसील क्षेत्र के लगभग 37 तटीय इलाकों के गांवों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

तरबगंज एसडीएम यशवंत राव व करनैलगंज एसडीएम विश्व मित्र सिंह लगातार तटीय इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा ले रहे है तथा साथ ही लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों के निवासियों



- तटीय इलाके के गांवों को अलर्ट मोड पर रखा गया

को नदी के किनारे न जाने का निर्देश दिया है।

अगर जाना अनिवार्य हो तो चार से पांच लोगों के साथ जाने की सलाह दी गई है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी अधिकारियों को नदी के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखने और तटबंधों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया है।गोंडा जिला कलेक्ट्रेट व जिला आपदा विभाग में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से तटबंधों के साथ घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर की निगरानी की जा रही है।

# कजरीतीज की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक आयोजित की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा आगामी कजरीतीज की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।ब

ैठक में आयोजन को भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि कजरीतीज कांवड़ जलाभिषेक में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जल व्यवस्था, साफ-



- कजरीतीज आयोजन से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश–डीएम

सफाई, मंदिरों के आसपास बैरिकेटिंग, नदी में बैरीकेटिंग जल लगाकर, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं (स्वास्थ्य कैम्प), यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी जरूरी सुविधाओं की समय से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ड्रोन निगरानी व महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान यदि किसी भी विभाग की लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हुए कार्यों को समय से पहले पूर्ण करें ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी कर्नलगंज यशवंत राव, पुलिस क्षेत्राधिकार करनैलगंज विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा विशाल कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड 1, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, एवं अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सपा छात्रसभा ने किया प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। जिले में एसएससी पेपर धांधली के विरोध में समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारी लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय चौराहे पर एकत्रित हुए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान सभी ने भारत सरकार व शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक व धांधली की घटनाएं बढ़ गई है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा मेहनत करके अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन पेपर में धांधली करके भाजपा सरकार उन्हें नौकरी नहीं देना चाहती है। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा।प्रदर्शन को



देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। एसएससी पेपर धांधली के विरोध में देश के कई हिस्सों में इसी तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं।

जिले में हुआ प्रदर्शन उसी श्रंखला का हिस्सा है।सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि जब से देश में मोदी व प्रदेश में योगी सरकार आई है लगातार युवाओं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि कोई ऐसा पेपर है जो लिखना हुआ हो और किसी पेपर में धांधली न हुई हो।परन्तु किसी के ऊपर भी भारत सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं है।

# बज्मे शामे गजल की विशेष गोष्ठी आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा(करनैलगंज) ।साहित्यिक संस्था 'बज़्मे शामे ग़ज़ल' की बिशेष शोक गोष्ठी अल्लामा इकबाल लाइब्रेरी बालूगंज में आयोजित हुई ।

गोष्ठी की अध्यक्षता महामंत्री मुजीब सिद्दीक़ी ने की व संचालन याकूब सिद्दीक़ी 'अज़्म' ने किया ।

गोष्ठी में इटियाथोक के पास बोलेरो में दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से असमय काल के गाल में समा जाने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस अपार दुख की घड़ी में मानवीय संवेदना और हमदर्दी का इज़हार किया गया ।

साथ ही विगत दिनों दिवंगत पूर्व सांसद राजा आनंद सिंह जी (अन्नू भइया) , कन्हैया लाल इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक दयाराम निगम जी (भौरीगंज परसपुर) , न्यायालय से सेवानिवृत्त पेशकार और लाइफ लाइन गोण्डा के निदेशक डॉ० सादिर खान के बड़े भाई ज़ाकिर हुसैन खां साहब (हलधर मऊ) , गोण्डा के वरिष्ठतम शाए़र ज़मील आज़मी जी की पुत्री (अल्हाज गोंडवी की माता ) के निधन पर भी संस्था की ओर से शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ।

कार्यक्रम में संरक्षक गणेश तिवारी 'नेश', अब्दुल गफ्फार ठेकेदार व हाजी ज़हीर वारसी के साथ नियाज़ क़मर, अनीस खां आरिफी, डॉ० असलम हाशमी, कय्यूम सिद्दीक़ी, मुबीन मंसूरी, हरीश शुक्ल, कौसर सलमानी, मौलाना उवैस क़ादरी, अल्ताफ हुसैन राईनी, साबिर अली गुड्डू, सग़ीर अहमद सिद्दीक़ी, अजय श्रीवास्तव, आफाक़ सिद्दीक़ी, राजू अंसारी व इमरान मसऊदी, आदि मौजूद रहे और बोलेरो में दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से असमय काल के गाल में समा जाने वालों के प्रतिशोक व्यक्त किया ।

# गोंडा में बाल श्रम: सिस्टम की नाकामी या मजबूरी? पहाड़ापुर में होटल पर काम करते दिखा मासूम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। जिले के तहसील कर्नलगंज व थाना कटरा बाजार क्षेत्र के अन्तर्गत पहाड़ापुर में एक नन्हा बच्चा, जिसकी उम्र स्कूल में किताबें थामने की होनी चाहिए थी, एक होटल में चाय के कप थामे काम करता पाया गया। यह दृश्य न केवल दिल दहलाने वाला है, बल्कि देश के कानूनों और व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाता है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) और बाल श्रम निषेध कानून के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना अपराध है, फिर भी यह बच्चा होटल में क्यों है? इस घटना के पीछे कई कारण हो सकते हैं।

पहला, आर्थिक मजबूरी। गरीबी के चलते कई परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय कमाई का जरिया बना देते हैं। दूसरा, जागरूकता की कमी। माता-पिता और होटल मालिक शायद कानून के



प्रति उदासीन हैं।

तीसरा, और सबसे चिंताजनक, सिस्टम की नाकामी। स्थानीय प्रशासन और श्रम विभाग की लापरवाही के चलते बाल श्रम जैसी घटनाएं खुलेआम हो रही हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का हक देता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति और गरीबी इस अधिकार को खोखला कर रही हैं।

होटल मालिक की जवाबदेही तो बनती है, लेकिन माता-पिता और प्रशासन की भूमिका भी कम दोषी नहीं। इस बच्चे का भविष्य किताबों में नहीं, चाय के कपों में सिमट रहा है।

समाधान के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई, जागरूकता अभियान और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान देना होगा। सवाल यह नहीं कि दोषी कौन, सवाल यह है कि इस बच्चे का बचपन और भविष्य कौन लौटाएगा?

# अभ्युदय कोचिंग योजना में होगी विषय विशेषज्ञों की तैनाती

गोण्डा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए 13 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ आवेदन पत्र श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं।

सिविल सेवा परीक्षा के लिए भारतीय इतिहास, भूगोल, राज्यव्यवस्था, अर्थव्यवस्था पर्यावरण, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, सुरक्षा तथा समसामयिक घटनाएं जैसे विषयों के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इनके लिए एम.ए./पीएच.डी. अथवा पीसीएस/ आईएएस मेन्स परीक्षा पास अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। नीट/जेईई कोचिंग के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान विषयों हेतु



एम.एससी. (प्रथम श्रेणी), एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बी.टेक./ एम.टेक. की शैक्षिक योग्यता और न्यूनतम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव अनिवार्य किया गया है।

वन डे एग्जाम जैसे एसएससी और यूपीएसएसएससी की तैयारी के लिए गणित, रीजनिंग, हिंदी, अंग्रेजी, सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स विषयों में स्नातक डिग्री के साथ न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव मांगा गया है। कोचिंग में हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों को देखते हुए भाषा विशेषज्ञों की भी नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और तीन वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाएगा।

# प्रधान के देवर पर धोखाधड़ी करके तीन हजार रुपये खाते से निकालने का गंभीर आरोप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा(करनैलगंज)। तहसील करनैलगंज व थाना कटरा बाजार क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पहाड़ापुर में प्रधान व उनके देवर के आये दिन फर्जीवाड़े, भ्रष्टाचार व दबंगई के नित नये हैरत अंगेज कारनामे उजागर उजागर हो रहे हैं।

इसी क्रम में एक ताजा मामला सामने आया है। यहाँ के निवासी एक व्यक्ति ने प्रधान के देवर संतोष श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी करके उसके बैंक खाते से रूपये निकालने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित बच्चालाल, पुत्र राममिलन ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर संतोष के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। बच्चालाल का आरोप है कि संतोष ने उनके बैंक खाते से अंगूठा लगवाकर तीन हजार रुपये निकाल लिए। बच्चालाल के अनुसार, 18 जुलाई 2025 को संतोष ने उन्हें संदेश भेजकर बताया कि



उनका पेंशन का पैसा आ गया है और दुकान पर आकर राशि ले लें। दुकान पर पहुंचने पर संतोष के कर्मचारी ने उनका अंगूठा लगवाया, लेकिन नेटवर्क की समस्या बताकर चार-पांच दिन बाद आने को कहा। 24 जुलाई को बच्चालाल बैंक गए, जहां उन्हें पांच हजार रुपये प्राप्त हुए। कैशियर ने बताया कि उनके खाते में मात्र 850 रुपये बचे हैं और 18 जुलाई को तीन हजार रुपये अंगूठे के निशान से निकाले गए हैं। संतोष से पूछने पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई। बाद में, जब बच्चालाल ने गांव में इस घटना का जिक्र किया, तो संतोष ने उन्हें पैसे लौटाने का आश्वासन देकर चुप रहने को कहा। संतोष और अब्दुल रऊफ ने बच्चालाल को कसम दिलाई कि इस मामले को आगे न बढ़ाएं, वरना ₹कोढ़ी₹ हो जाएंगे।

डर और धमकी के माहौल में बच्चालाल ने पुलिस अधीक्षक से किसी सक्षम अधिकारी से सम्यक जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र के साथ बैंक पासबुक की छायाप्रति भी संलग्न की है। इसी के साथ कुछ ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान पति व उनके देवर ग्रामीणों को काम के बहाने गुमराह कर अयोध्या ले जाकर कसम खिलाते हैं जो पूर्णतया नियम विरुद्ध है। मामले को संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जाँच व कार्रवाई करने हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, उन्नाव

पत्रांक:- 2848 /ए–8 दिनांक: 05/08/25

**निविदा सूचना**

1. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, उन्नाव महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से शासकीय मार्ग के अनुरक्षण के कार्य हेतु जिनकी लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है :–

2\.

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार(रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | उन्नाव | खण्ड के भण्डार गृह के अर्न्तगत उपस्थित विभागीय प्रयोगशाला के मरम्मत का कार्य। | 8.40 | 0.84 | 855 | 02 माह | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, उन्नाव | जिलाधिकारी उनाव | उनाव वृत्त, लो0नि0वि0, उनाव | मध्य क्षेत्र, लो0नि0 वि0, लखनऊ | "डी" से "ए" तक |
| 2 | उन्नाव | उन्नाव–कानपुर मार्ग (रा0मा0सं0–58) के कि0मी0–3 में बडे चौराहे पर मरम्मत का कार्य। | 8.42 | 0.84 | 855 | 02 माह | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, उन्नाव | जिलाधिकारी उनाव | उनाव वृत्त, लो0नि0वि0, उनाव | मध्य क्षेत्र, लो0नि0 वि0, लखनऊ | "डी" से "ए" तक |
| 3 | उन्नाव | खण्ड के अर्न्तगत शहरी मार्गो पर मीडियन तथा कर्व स्टोन के रंगाई पुताई का कार्य। | 8.36 | 0.84 | 855 | 02 माह | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, उन्नाव | जिलाधिकारी उनाव | उनाव वृत्त, लो0नि0वि0, उनाव | मध्य क्षेत्र, लो0नि0 वि0, लखनऊ | "डी" से "ए" तक |

3\. निविदायें प्रकाशित होने की तिथि:–18.08.2025 से पूर्व

4\. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम:–

(क) बिड डाक्यूमन्ट नि0ख0–1, लो0नि0वि0 उन्नाव में दिनांक–18.08.2025 से 25.08.2025 तक उपलब्ध है। जो ऑफ–लाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 25.08.2025 दोपहर 12:00 बजे तक एवं बिड दिनांक 25.08.2025 अपरान्हन 12:30 बजे जिलाधिकारी, उन्नाव कार्यालय में खोली जायेगी।

(ग) वर्गीकृत विज्ञापन से सम्बन्धित नियम/शर्ते बेबसाइट https://up.gov.in पर उपलब्ध है।

(सुबोध कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–1, लो0नि0वि0
उन्नाव।

## संक्षिप्त समाचार

### घर का रास्ता भटका किशोर, पुलिस ने सकुशल ढूंढ़कर परिजनों को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूण्डला। मंगलवार को लखपत पुत्र फतेह सिहं नि0 आवास विकास कालोनी बन्ना थाना टूण्डला ने समय करीब रात्रि 10:00 बजे थाना पर आकर मौखिक सूचना दी कि मेरा पुत्र पंकज उम्र करीब 13 वर्ष स्कूल से समय करीब 14.30 बजे घर आने के बाद साइकिल में हवा भराने गया था। लेकिन अभी तक वापस नही लौटा है व तलाश करने पर भी कोई जानकारी नही हो सकी है। पुलिस को सूचना मिलते ही उ0नि0 आदेश कुमार मय हमराह ने किशोर को ढूँढना शुरू किया। पुछताछ, व सीसीटीवी चैंकिग व सार्वजनिक स्थानो संभावित स्थानों पर तलाश की। साथ ही पीआरवी 3610 पर तैनात है0का0 हरवेन्द्र व हो0गा0 अमरजीत सिहं की सहायता से पंकज को 03 घण्टे के अन्दर वृद्धा आश्रम बन्ना के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर थाना से रुकसत किया गया। पुलिस ने बताया कि किशोर ने बताया की वो रास्ता भटक गया था। पिता लखपत ने पुत्र के सकुशल बरामद होने पर पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की।

### गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अजयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नसीरपुर पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित अजयपाल पुत्र महाराज सिंह को नौरंगी घाट से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध पाँच मुकदमे दर्ज है।

### हिंदू युवा वाहिनी जिला मीडिया प्रभारी के पिता का निधन

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।जसराना । दैनिक अमर भारती समाचार पत्र व हिंदू युवा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी राकेश वर्मा के 74 वर्षीय पिताजी गौरी शंकर वर्मा जी का बीमारी के चलते बुधवार को रात 12:30 बजे उनके पैतृक गांव मे निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ उठी और श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। उनके पार्थिक शरीर को उनके पैतृक गांव पाढ़म जसराना जिला फिरोजाबाद मे ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोक श्रद्धांजलि देने वालों में रामगोपाल वर्मा, छुट्टन भाई, शिवम, छोटू, पूरन, रमेश गुप्ता, महेश पुरी, लाल गुप्ता, एयर पत्रकारगण सहित काफी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने मौजूद रहे।

### तमंचे सहित पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर। जसराना। थाना जसराना पुलिस ने एक युवक को तमंचा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा गया है। आरोपी पर फतेहगढ़, इटावा एवं एटा जनपदों के कई थानों में मुकदमा दर्ज हैं। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान चंद्रशेखर निवासी निजामपुर थाना जसराना को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस को एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस मिला है। आरोपी पर पहले से ही 11 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

### कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद । बुधवार को जनपद के थाना रसूलपुर क्षेत्र के दुर्गेश नगर में स्थित एक प्लास्टिक कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी। इस कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। वहीं फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी।

### चार्जिंग के दौरान ई-स्कूटर में अचानक लगी आग, मचा हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद । मंगलवार देर रात्रि को जनपद के थाना रामगढ़ क्षेत्र में लोगों में जब हड़कंप मच गया जब एक ई-स्कूटर में चार्जिंग के दौरान अचानक आग लग गई। मामला चनौरा मिश्रा पेट्रोल पंप के पास का है जहां पर देर रात्रि को चनौरा निवासी नमित कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह का ई-स्कूटर चार्जिंग पर लगा था। अचानक स्कूटर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि स्कूटर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझा सके । आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करके अनियंत्रित आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय प्रशासन ने ई-वाहनों के मालिकों को चार्जिंग के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । इंस्पेक्टर थाना रामगढ़ ने बताया कि चार्जिंग के दौरान स्कूटी में आग लगने की घटना प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस भी पहुंची थी लेकिन सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझा दिया था। संभावित चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी थी।




# नितेश सिंह के मामले में न्याय की मांग को लेकर निकाला कैंडल




**कई संगठनों और पार्टियों के लोग रहे मौजूद , बहिन नितेश सिंह को दी श्रद्धांजलि**

**परिजनों ने की मामले में सीबीआई को जांच सौंपने की मांग**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद । गुरुवार को जनपद में नगला करन सिंह से सुभाष तिराहे तक एक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान कई संगठन व पार्टियों के नेता मौजूद रहे । सभी लोग हाथों में न्याय की मांग के स्लोगन लिखी तख्तियां पकड़े नजर आए।

अवगत करा दें कि बीती 30 जुलाई को जनपद के की टूंडला विधानसभा सीट से पूर्व विधायक राकेश बाबू एडवोकेट की बेटी तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार की बहिन नितेश सिंह ने लखनऊ पुलिस लाइन में स्थित सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी । सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने नितेश के पति मुकेश प्रताप सिंह एसपी सीबीसीआईडी पर तथा उनके परिजनों पर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा हत्या करने के साथ साथ कई गंभीर आरोप भी लगाए थे । परिजन पोस्टमार्टम के बाद नितेश का शव फिरोजाबाद स्थित अपने आवास नगला करन सिंह पर लाए तथा अंतिम संस्कार किया । परिजनों का आरोप रहा कि मुकेश प्रताप सिंह ने प्रेम प्रसंग चलते नितेश को शारीरिक के साथ साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जिसके चलते यह कदम उठाया फिलहाल उन्होंने बताया कि उन्होंने लखनऊ के संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया है लेकिन उन्हें यह भय है कि मुकेश प्रताप सिंह अपने पद का प्रयोग कर विवेचना में फेरबदल कर सकता है तथा उनके न्याय नहीं मिलेगा वहीं। प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच एक उप निरीक्षक को सौंप दी गई है तथा जिस जिले में आरोपी एसपी हो तो ऐसे में एक उप निरीक्षक उनके विरुद्ध रिपोर्ट लगा दे यह संभव नहीं है उन्होंने कहा कि आज समाज के लोगों के कहे अनुसार कैंडल मार्च निकालकर प्रशासन व सरकार से मांग की है कि मामले की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए तथा जांच से पूर्व मुकेश प्रताप सिंह को निलंबित किया जाए । कैंडल मार्च के दौरान सैकड़ों की संख्या में कई पार्टियों तथा संगठनों के लोग एवं महिलाएं भी मौजूद रहीं । सभी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती लगाकर दो मिनट का मौन धारण किया वहीं इसी दौरान नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद को एक ज्ञापन भी सौंपा ।

#### नितेश के डेढ़ वर्ष के बेटे ईशू को गोद में लेकर प्रमोद ने दी श्रद्धांजलि



कैंडल मार्च के दौरान अपने छोटे भांजे व नितेश सिंह के डेढ़ वर्ष के बेटे ईशू को गोद में लेकर पूरे रास्ते चलते नजर आए वहीं नगला करन सिंह से शुरू हुई कैंडल मार्च यात्रा जब अंतिम रूप लेने लगी तो सुभाष चौराहे पर बहिन को श्रद्धांजलि देते वक्त अपने भांजे को गोद में लिए प्रमोद कुमार भावुक होते नजर आए । उन्होंने कहा कि आखिर इन बच्चों का क्या कसूर था जो इनको इतनी बड़ी सजा मिली प्रशासन व सरकार को इन बच्चों के साथ न्याय करना चाहिए।

#### बेटी अन्याय ने दी अपनी मां को श्रद्धांजलि



कैंडल मार्च के दौरान मृतिका नितेश सिंह की 11 वर्षीय बेटी अनन्या सिंह भी शामिल थी हालांकि अभी अनन्या में ज्यादा समझदारी नहीं दिखी परन्तु इस दौरान भावुक मन से अनन्या ने भी अपनी मां नितेश को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबद। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद् पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु तहसील फिरोजाबाद एवं टूण्डला से सम्बन्धित बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड़, फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रषिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा 11 कक्षों में प्रदान किया गया। तहसील फिरोजाबाद के कुल 229 बी0एल0ओ0 में से 183 बी0एल0ओ0 तथा कुल 33 पर्यवेक्षक में से 32 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। इसी प्रकार तहसील टूण्डला के कुल 188 बी0एल0ओ0 में से 182 बी0एल0ओ0 तथा कुल 12 पर्यवेक्षक में से 12 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया गया है कि सम्बन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी अनुपस्थित बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षक के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं टूण्डला, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसीलदार फिरोजाबाद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य प्रषिक्षक अश्वनी कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर बैनामा कराने के आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। गरीबों की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका बैनामा कराने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकांश लोग पहले से ही जेल में बंद हैं। पिता-पुत्र एवं मां-बेटों पर भी पुलिस ने गिरोह बनाकर कार्य करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया गोल्डी उर्फ बबलू राठौर, मुन्नी देवी, प्रकाश बाबू, कुलदीप निवासी कोटला रोड ओझा नगर नगला करन सिंह थाना उत्तर, चांद बाबू, साहिल निवासी गांगनी दरवाजा थाना फरिहा, अशोक कुमार निवासी शेखूपुर नैपई थाना रामगढ़, महीपाल निवासी ठारपूठा थाना रामगढ़, राघवेंद्र चौहान निवासी मोहल्ला टीकतपुरा थाना जसराना, दिलीप कुमार, अमरकांत निवासीगण वासुदेवमई थाना शिकोहाबाद, नेत्रपाल निवासी जौनापई राजा का ताल थाना टूंडला, जोधाराम निवासी नगला सिरस गदपुरा थाना एत्मादपुर, बबीता निवासी नगला खरगा थाना एत्मादपुर, संतोष उर्फ राकेश निवासी रुरिया थाना करहल, शीला देवी निवासी सत्यनगर टापा कलां थाना रामगढ़ के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया आरोपी पहले गरीबों एवं अन्य असहाय लोगों की जमीन को तलाशते थे। उसके बाद उसके फर्जी कागजात तैयार कर भूमि के मालिक की जगह अन्य किसी को खडा कर उसका बैनामा करा लिया करते थे। आरोपियों के खिलाफ जसराना के साथ अन्य थाना क्षेत्रों में भी मुकदमे दर्ज हैं। 16 आरोपियों में से कई आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

## जुआ खेल रहे सात अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज। घर के अन्दर छुपकर जुआ खेल रहे 7 अभियुक्तों को पुलिस ने घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर दिया व कब्जे से 51160 रुपए बरामद किये है` वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्रारा जनपद में संगठित गिरोह बनाकर, गम्भीर अपराधों को कारित करने वाले , अपराधियों जो अपने अन्य साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु गैर कानूनी कृत्यों को अन्जाम देकर धन अर्जित करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिरसागंज पुलिस ने मंगलबार को करहल रोड पानी की टंकी के पास कृष्णा नगर अर्चना सिंह के घर में जुआ खेल रहे प्रदीप कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी मियां बाजार थाना सिरसागंज ,गिहार पुत्र रामू गिहार निवासी गिहार कालोनी थाना सिरसागंज, भुवनेश कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी किसरांव थाना सिरसागजं , राहतखान उर्फ बल्लू पुत्र अब्दुल शहीद खाँ निवासी पक्का तालाब थाना शिकोहाबाद ,शनी अली पुत्र इस्त्याक अली निवासी अरमराजचट थाना मक्खनपुर, सोनू पुत्र सब्बीर खाँ निवासी पक्का तालाब थाना शिकोहाबाद, अर्चना सिंह उर्फ भुरिया पत्नी दिलीप कुमार निवासी कृष्णा नगर करहल रोड पानी की टंकी के पास थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है` विविध कार्यवाही करते हुए पुलिस अभियुक्तों को जेल भेजा है।

## धनगर महासभा ने समाज के अधिकारों के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। धनगर महासभा ने बुधवार को समाज के अधिकारों को प्राप्त करने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही महासभा ने सरकार पर समाज को अनदेखा करने का आरोप लगाया है।

महासभा के प्रदेश अध्?यक्ष व मानवाधिकार सर्वेक्षण के जिलाध्?यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने लाइनपार के गांव नगला लल्लू, नगला छैंकुर, अनवारा में समाज के अधिकारों को प्राप्?त कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्?होंने कहा कि धनगर समाज को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के आदेश प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंग्रेजी में कर दिया गया है, परंतु जिले की तहसीलों में तहसीलदारों द्वारा प्रमाण पत्र नहीं बनाये जा रहे हैं। धनगर प्रमाणपत्र न बनाने पर समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। उन्?होंने कहा कि धनगर समाज अपने हक व अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर प्रशासन के विरोध में आवाज उठाएं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाए हैं कि सरकार धनगर समाज को अनदेखा कर रही है। इस दौरान जागरूकता अभियान में डॉ. हरेंद्र कुमार धनगर, राहुल (बीडीसी), लेखराज धनगर, छोटेलाल धनगर, अंशु धनगर, सौदान सिंह धनगर, भूरी सिंह धनगर, हरिशंकर धनगर, मुन्नीलाल धनगर, गेंदा लाल धनगर, शंकर लाल धनगर, चरण सिंह धनगर, ओम प्रकाश धनगर, वीरेंद्र धनगर, भूपेंद्र धनगर, राजेंद्र धनगर, सुमित धनगर, फलराम धनगर आदि उपस्थित रहे ।

## घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर महानगर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर महानगर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में फिरोजाबाद जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर मौजूद रहे । कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्रज बहादुर ने कहा कि पार्टी 10 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन करेगी भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर, फैक्ट्री,



दुकान, कारखाना, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें । तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ता सुरक्षा बलों और बलिदानियों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों के प्ले कार्ड लेकर आगे चलेंगे इसमें आपरेशन सिंदूर की सफलता की झलक भी दिखाई देगी । घरों में परिवार के सबसे छोटे बच्चों से ध्वजारोहण कर सोशल मीडिया में अपलोड किया जाएगा । 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों और महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि 11 अगस्त को गांधी पार्क से एक भव्य तिरंगा यात्रा शहीद चौक रसूलपुर तक निकाली जाएगी जिसमें सभी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे । 14 अगस्त को देश विभाजन की विभीषका पर एक संगोष्ठी का आयोज किया जाएगा इसके साथ ही मौन जुलूस सुभाष तिराहे से घंटाघर तक निकाला जाएगा । 12 अगस्त एवं 13 अगस्त को सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई व माल्यार्पण का कार्य तथा 15 अगस्त को सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा, कन्हैया लाल गुप्ता ,महामंत्री आनंद अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद पचौरी , सुनील टंडन ,डॉ लक्ष्मी नारायण यादव ,अनिल भारद्वाज, राकेश संखवार महामंत्री राधेश्याम यादव आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता एवं भाजपाई उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता कर कई योजनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । बुधवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करने के साथ-साथ विकासखंड शिकोहाबाद के ग्राम पंचायत दिखतौली में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली, जिलाधिकारी ने इन महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार बहुत सस्ते दर पर लोन उपलब्ध कराती है, आप सब इन लोन का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं और आपके द्वारा किए गए



कार्यों को और विस्तार करें, जिससे अधिक से अधिक आपकी आर्थिक प्रगति हो और आप आत्मनिर्भर बन सकें, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस गांव में कुल 17 समूह का गठन हुआ है जिसमें 15 समूह सक्रिय हैं, यहां की महिलाएं विभिन्न प्रकार की व्यवसाय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है, जिनमें चूड़ी उद्योग, जनरल स्टोर, अचार-पापड़ बनाने का उद्योग प्रमुख है,



जिलाधिकारी ने कहा कि आप सब 15 दिन में एक बार आपस में बैठक जरूर करें, जिससे आपसी वैचारिक आदान-प्रदान कर अपने आपको और सशक्त बना सकें। ग्राम दिखतौली में पंचायत भवन में बने बच्चों के अध्ययन हेतु नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया, यहां पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्ययन में लगे बच्चों से उन्होंने वार्ता भी की तथा बच्चों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने अपने इस भ्रमण के दौरान शिकोहाबाद शहर के गंगानगर, प्रतापपुर चौराहा, आदर्श नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी में जल भराव का निरीक्षण किया, जहां जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस जल निकासी हेतु दो पुलिया बनाने का प्रस्ताव है, जिसके अंदर से जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी । इसके बाद जिलाधिकारी मुख्यमंत्री पर्यटन विभाग सहभागिता योजना अंतर्गत 346.94 लाख की लागत से शिकोहाबाद सुभाष तिराहे से रेलवे स्टेशन तक तिरंगा एवं लाइटिंग कार्य का निरीक्षण किया, इसकी कार्यदाई संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस कार्य को 15 अगस्त से पहले अवश्य पूरा कर लें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ग्राम पंचायत रूरिया में यमुना नदी के किनारे 361.43 लाख की लागत से बन रहे ईको पर्यटन कार्य का निरीक्षण करने गए, जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में यह स्थल ईको पर्यटन की दृष्टि से जनपद का महत्वपूर्ण केंद्र होगा, इसलिए इसके विकास में विलंब नहीं होना चाहिए, यहीं पर रुद्राणी देवी मंदिर पर पर्यटन विभाग के विकास के कार्य का निरीक्षण भी किया, 259.01 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेंद्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, ई0ओ0 नगर पालिका शिकोहाबाद आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# पाकिस्तान पीओआर कार्ड वाले 13 लाख से अधिक अफगान नागरिकों को स्वदेश भेजेगा



**इस्लामाबाद, (भाषा)** पाकिस्तान सरकार ने 13 लाख से अधिक अफगान शरणार्थियों को एक सितंबर से उनके देश वापस भेजने का फैसला किया है, जो पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) कार्ड धारक हैं। पाकिस्तानी मीडिया में बुधवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को स्वदेश भेजने की कोशिशें 2023 में शुरू हुई थीं, जब सरकार ने सभी अवैध विदेशियों को निर्वासित करने की घोषणा की थी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, अब तक लगभग 8,00,000 अफगान नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है।

संघीय सरकार ने सभी प्रांतों को सूचित किया है कि पीओआर कार्ड धारक 13 लाख से अधिक अफगान शरणार्थियों का औपचारिक निर्वासन एक सितंबर से शुरू होगा।

खबर में कहा गया है कि यह फैसला आंतरिक मंत्रालय की 31 जुलाई की इस घोषणा के बाद लिया गया है कि पीओआर कार्ड धारक (जो बिना वीजा के पाकिस्तान में कानूनी रूप से रहने वाले अफगान नागरिकों की अंतिम श्रेणी है) 30 जून को उनके कार्ड की वैधता समाप्त होने के बाद अवैध निवासी बन गए हैं। खबर के मुताबिक, अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना के कार्यान्वयन के सिलसिले में आंतरिक मंत्रालय का चार अगस्त का पत्र चारों प्रांतों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ-साथ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के प्रशासन को भेजा गया है। पत्र में कहा गया है, "यह निर्णय लिया गया है कि पीओआर कार्ड धारकों की स्वैच्छिक वापसी तुरंत शुरू की जाएगी, जबकि औपचारिक प्रत्यावर्तन और निर्वासन प्रक्रिया एक सितंबर 2025 से प्रभावी होगी।" इसमें कहा गया है कि अफगान नागरिक कार्ड धारकों सहित सभी अवैध विदेशी नागरिकों का प्रत्यावर्तन आईएफआरपी के तहत पहले के निर्णय के अनुसार जारी रहेगा। पत्र में पीओके के अधिकारियों को प्रांतीय, संभागीय और जिला समितियों को पीओआर कार्ड धारकों का डेटाबेस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## भारत, रूस ने रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई

**मॉस्को, (भाषा)** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने देश के उप रक्षा मंत्री कर्नल-जनरल अलेक्जेंडर फोमिन से मुलाकात की और इस दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूसी रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, भारतीय दूत ने कर्नल जनरल फोमिन से मुलाकात की, जो अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग के प्रभारी हैं, और बैठक ₹रूसी-भारतीय संबंधों के लिए पारंपरिक गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण माहौल₹ में हुई। बयान में कहा गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग से जुड़े प्रासंगिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और खासकर रणनीतिक साझेदारी की भावना के तहत इस सहयोग को और अधिक मजबूत करने के अपने इरादे की पुष्टि की।

# नींद में खलल पड़ने से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव



**ऑकलैंड, (द कन्वरसेशन)** हम सभी ने कभी न कभी रात में अच्छी नींद नहीं ली होगी, चाहे साथी खर्राटे ले रहा हो, बच्चा रो रहा हो या पड़ोसी बहुत ज़्यादा मौज-मस्ती कर रहे हों। नींद में खलल पड़ना आम बात है और अगले दिन इसके अप्रिय परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि सुस्ती महसूस करना और संवाद करने में कठिनाई होना। लेकिन पता चला है कि हम अकेले नहीं हैं। हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है।

पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है। यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है।

# चीन ने चिकनगुनिया वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए व्यापक उपाय किए



**ताइपे (ताइवान), (एपी)** चीन में चिकनगुनिया बीमारी के बढ़ते प्रकोप से निपटने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। अधिकारी लोगों को मच्छरदानी के इस्तेमाल, मच्छर से बचाव के उपाय करने और कीटाणुनाशकों के छिड़काव की सलाह दे रहे हैं। वहीं, अपने आसपास जमा पानी को नहीं हटाने पर लोगों को जुर्माने की भी चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों का पता लगाने के लिए ड्रोन भी तैनात किए हैं। चीन में बुधवार तक इस बीमारी के 7,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। हांगकांग के पास फोशान के विनिर्माण केंद्र से केवल एक मामला सामने आया है। अधिकारियों के अनुसार, नए मामलों की संख्या धीरे-धीरे कम होती दिख रही है। चिकनगुनिया मच्छरों से फैलता है और जिसमें मरीज को बुखार आता है और जोड़ों का दर्द होता है। युवाओं, बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त मरीजों के इस बीमारी की चपेट में आने का खतरा रहता है।

चीन के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में कर्मचारी शहर की सड़कों, रिहायशी इलाकों, निर्माण स्थलों और अन्य जगहों पर कीटाणुनाशक का छिड़काव करते दिखे।

बोतलों, गमलों या अन्य बाहरी खाली बर्तनों में जमा पानी को नहीं हटाने वाले लोगों पर 10,000 युआन (1,400 अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और उनकी बिजली काट दी जा सकती है।

## ईरान ने जासूसी के आरोपी समेत दो लोगों को फांसी दी

**दुबई, (एपी)** ईरान ने बुधवार को अलग-अलग मामलों में दो लोगों को फांसी दी। इनमें से एक पर इजराइल के लिए जासूसी करने और दूसरे पर आतंकवाद समूह इस्लामिक स्टेट का सदस्य होने का आरोप था। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। कथित जासूस की पहचान रूजबेह वादी के रूप में की गई है, जिस पर इजराइल की खुफिया सेवा 'मोसाद' को विशिष्ट जानकारी देने का आरोप था। खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि रूजबेह ने ईरान के एक परमाणु वैज्ञानिक के बारे में इजराइल को जानकारी दी थी, जो जून में ईरान पर इजराइल के हवाई हमलों के दौरान मारा गया था। खबर में दावा किया गया है कि रूजबेह ने ऑस्ट्रिया के वियना में मोसाद अधिकारियों से पांच बार मुलाकात की थी। ईरान ने बुधवार को इस्लामिक स्टेट के एक सदस्य को साजिश रचने के आरोप में फांसी दे दी। अधिकारियों ने मेहदी अगाजादेह पर इस्लामिक स्टेट का सदस्य होने का आरोप लगाया, जिसने चार अन्य सदस्यों के साथ ईरान में अवैध रूप से प्रवेश करने से पहले सीरिया और इराक में सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया था।



## जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लोकगीतों का इस्तेमाल कर रही पाकिस्तानी गायिका

**उमरकोट (पाकिस्तान), (एपी)** पाकिस्तानी लोक गायिका शाम बाई अपने गीतों के जरिये लोगों को जलवायु परिवर्तन के खतरों और इससे होने वाली तबाही को लेकर जागरुकता फैला रही हैं। शाम बाई की सधी हुई आवाज में गाए गीत ग्रामीणों को इन खतरों के बारे में सोचने पर मजबूर कर रहे हैं।शाम बाई पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैं। सिंध, पाकिस्तान का वह प्रांत है जो तीन वर्ष पहले जलवायु परिवर्तन के कारण आई भीषण बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। बाढ़ के कारण सिंध में लाखों लोग प्रभावित हुए थे और इससे घरों, कृषि भूमि तथा बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा था। पिछले दो वर्षों में शाम बाई ने सिंध के कई गांवों का दौरा किया है और लोगों को लोक गीतों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के बारे में सिखाया है। यह लोक गीत उन ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को जागरुक करने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं, जहां साक्षरता दर बेहद कम और इंटरनेट की कमी है।

# क्या यह सच है कि कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?



**मेलबर्न, (द कन्वरसेशन)** लंबे और थकाऊ दिन के आखिर में भला किसके पास यह समय होता है कि वह अपनी 'शॉपिंग बास्केट' में डाले गए हर उत्पाद की पोषण संबंधी जानकारी ध्यान से जांचे? स्वास्थ्यवर्धक भोजन करने के लिए कुछ लोग एक सरल नियम का पालन करना पसंद करते हैं: ऐसे उत्पाद चुनें जिनकी सामग्री (इन्ग्रीडीएन्ट) सूची छोटी हो। विचार यह है कि कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ कम प्रसंस्कृत होते हैं, अधिक 'प्राकृतिक' माने जाते हैं और इसलिए स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।

लेकिन क्या हमेशा ऐसा ही होता है? यहां बताया गया है कि सामग्री सूची की लंबाई आपको पोषण के बारे में क्या बता सकती है और क्या नहीं - आपको और क्या देखना चाहिए।

आप अधिकांश पैकेज्ड खाद्य पदार्थों के लेबल पर सामग्री की सूची पा सकते हैं, जो आपको उस खाद्य पदार्थ को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की संख्या और प्रकार के बारे में बताती है। ऑस्ट्रेलिया में, पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड खाद्य मानक संहिता द्वारा निर्धारित कुछ नियमों का पालन करना होता है।

खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है।

यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है।'संपूर्ण खाद्य पदार्थ' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली।

समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।

कई संपूर्ण खाद्य पदार्थ, जैसे ताजे फलों और सब्जियों में सामग्री की सूची नहीं होती, क्योंकि वे पैकेट में नहीं आते। लेकिन कुछ लोग ऐसा करते हैं, जिनमें शामिल हैं: डिब्बाबंद या फ्रोजन सब्जियां, जैसे कि काली बीन्स या फ्रोजन मटर का डिब्बा, डिब्बाबंद मछली, उदाहरण के लिए, झरने के पानी में ट्यूना, सादा ग्रीक दही।



## संक्षिप्त खबरें

### सिराज का सामना करना बल्लेबाजों के लिये हमेशा चुनौतीपूर्ण : मोईन अली

**लंदन, (भाषा)** इंग्लैंड के पूर्व हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की दिलेरी और विषमताओं में घुटने नहीं टेकने का उनका जज्बा उन्हें दूसरों से अलग करता है और किसी भी बल्लेबाज के लिये उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण है । इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 2 . 2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज ने 23 विकेट चटकाये । मोईन ने जीएफएस डेवलपमेंट्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , '' सिराज इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में शानदार रहा है । उसकी ऊर्जा, आक्रामकता और निरंतरता शानदार रही है । वह भारत के लिये मैच विनर है और बल्लेबाजों के लिये उसका सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है ।''उन्होंने कहा ,'' सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात गेंद पर नियंत्रण की उसकी काबिलियत है । वह दिलेर है और कभी हार नहीं मानता । यही बात उसे खास बनाती है । उसने जो प्रभाव छोड़ा है , उसका पूरा श्रेय उसको जाता है ।''

### मणिपुर हॉकी और हॉकी हिमाचल ने डिवीजन ए के लिए क्वालीफाई किया

**काकीनाडा (आंध्रप्रदेश), (भाषा)** मणिपुर हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को अपने लीग मैच जीत लिए जबकि हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ से ड्रॉ खेला। डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया। मणिपुर हॉकी ने असम हॉकी को 3-1 से जबकि हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी केरल को 7-0 से हराया। हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी अरुणाचल को 5-0 से शिकस्त दी। डिवीजन ए लीग मैच में हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते जबकि हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 और हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से मात दी। हॉकी हरियाणा ने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### सरकारी सहायता लेने वाले महासंघ ही आरटीआई के दायरे में आयेंगे

**नयी दिल्ली, ( भाषा )** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई संबंधी प्रावधान में संशोधन किया है जिसके तहत केवल उन्हीं संस्थाओं को इसके दायरे में रखा गया है जो सरकारी अनुदान और सहायता पर निर्भर हैं और इससे बीसीसीआई को काफी राहत मिली होगी । खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में यह बिल रखा जिसके प्रावधान 15 (2) में कहा गया है कि ''किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। '' आरटीआई बीसीसीआई के लिए एक पेचीदा मुद्दा रहा है जिसने इसके अंतर्गत आने का लगातार विरोध किया है क्योंकि बोर्ड अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के विपरीत सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं है। विधेयक में संशोधन से इन आशंकाओं पर विराम लग गया ।एक जानकार सूत्र ने बताया ,''संशोधित प्रावधान सार्वजनिक प्राधिकरण को एक ऐसी संस्था के रूप में परिभाषित करता है जो सरकारी धन या सहायता पर निर्भर है। इस संशोधन के साथ सार्वजनिक प्राधिकरण की स्पष्ट परिभाषा हो गई है।'' सूत्र ने कहा ,'' अगर ऐसा नहीं किया जाता तो यह एक अस्पष्ट क्षेत्र होता जिसके कारण विधेयक अटक सकता था या उसे अदालत में चुनौती दी जा सकती थी।

### बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए

# बुमराह के बिना भारत की जीत महज संयोग, उनकी क्षमता असाधारण: तेंदुलकर




**मुंबई, (भाषा)** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है।

बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था।

तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की। इस तेज गेंदबाज ने श्रृंखला में कुल 14 विकेट लिए। तेंदुलकर ने 'रेडिट' पर श्रृंखला के अपने वीडियो विश्लेषण में कहा, ''बुमराह ने सही में अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट (पहली पारी में) में पांच विकेट लिए। वह दूसरा टेस्ट नहीं खेले लेकिन तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले। फिर इन दो टेस्ट में से एक में उन्होंने पांच विकेट झटके।''

उन्होंने कहा, ''बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए। मुझे पता है कि लोग कई बातों पर चर्चा कर रहे हैं कि हम उन टेस्ट मैच में जीते जिनमें वह नहीं खेले। मुझे लगता है कि यह महज एक संयोग है। ''तेंदुलकर ने कहा, ''बुमराह की गेंदबाजी असाधारण है। वह अब तक जो कर पाए हैं, वह अविश्वसनीय है। इसमें कोई शक नहीं है कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मैं उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से बेहतर मानता हूं।''

बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी पांच मैच में खेले जिसमें उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 23 विकेट झटके।

बुमराह आंकड़ों के हिसाब से सिराज से कहीं आगे हैं। उन्होंने 48 टेस्ट मैच में 219 विकेट लिए हैं जबकि सिराज के 41 मैच में 123 विकेट हैं।

योजना के अनुसार बुमराह की पांचवें और अंतिम टेस्ट में अनुपस्थिति उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर कुछ सवाल जरूर खड़े करती है लेकिन टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि इस शीर्ष तेज गेंदबाज के संबंध में जोखिम नहीं लिया जा सकता था।

तेंदुलकर ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जमकर तारीफ की जिन्होंने पूरे मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा, ''वह जब भी खेला है, उसने योगदान दिया है। अगर आप दूसरे टेस्ट मैच में देखें तो चौथी पारी में उसने पांचवें दिन लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स को शानदार गेंद पर आउट कर दिया। मुझे लगता है कि यह 'टर्निंग प्वाइंट' था। ''तेंदुलकर ने कहा, ''आखिरी टेस्ट में जब बल्लेबाजी का समय आया तो उन्होंने शानदार शॉट्स लगाते हुए 53 रन बना दिए। उन्होंने बेहतरीन रन गति बनाए रखी।''




### आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज

**दुबई, (भाषा)** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं।

### हार के बाद आनलाइन घृणा का शिकार हुई टेनिस खिलाड़ी स्वितोलिना

**मांट्रियल, (एपी)** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने बताया है कि कनाडा में एक मैच हारने के बाद कैसे कुंठित सटोरियो ने आनलाइन उनके खिलाफ नफरत उगली, उनके मरने की कामना की और रूस द्वारा यूक्रेन में लोगों की हत्या का जश्न मनाया । नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में नाओमी ओसाका से मिली हार के बाद स्वितोलिना को इस घृणा का सामना करना पड़ा । उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन मैसेज के स्क्रीनशॉट्स साझा किये हैं । उनके लिये अपशब्द कहे गए और उनके पति गाएल मोंफिल्स को भी निशाना बनाया गया जो फ्रांस के अश्वेत टेनिस खिलाड़ी हैं । एक सटोरिये ने कहा कि काश रूस सभी यूक्रेनवासियों की हत्या कर दे । स्वितोलिना ने इसके जवाब में लिखा है , '' सभी सट्टेबाजों को मैं इतना ही कहूंगी कि एक खिलाड़ी होने से पहले मैं एक मां की ।

### गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए।

# गिल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित




**दुबई, (भाषा)** भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2–2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा।

गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ''शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।''

आईसीसी ने कहा, ''उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।''आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर ''सर्वकालिक महान'' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए।

आईसीसी ने कहा, ''मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।''आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, ''उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।''

नई दिल्ली, गुरुवार 7 अगस्त 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




''एक दौर था जब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के लिए सत्ता केवल एक दुकान थी। उन्होंने शिक्षा को नकल, अराजकता और जातिवाद का अड्डा बना दिया था। लेकिन आज वही लोग संतुष्टिकरण को लेकर परेशान हैं।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने जनपद बलिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के उपरांत नौरंगा स्थित पावन फेकू बाबा जी का दर्शन किया। इस अवसर पर ग्रामसभा के सम्मानित नागरिकों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनकी समस्याओं की जानकारी ली।






# तुष्टीकरण से सरकार चलाने वाले आज न घर के रहे, न घाट के: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

● मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद में 79 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया

**मुरादाबाद,** (भाषा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए बुधवार को कहा कि जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति करके सत्ता में आए थे, ''वे आज न घर के हैं न घाट के।''

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में 79 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की योजनाएं तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर आधारित हैं जो बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचती हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''एक दौर था जब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के लिए सत्ता केवल एक दुकान थी। उन्होंने शिक्षा को नकल, अराजकता और जातिवाद का अड्डा बना दिया था। लेकिन आज वही लोग संतुष्टिकरण को लेकर परेशान हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी सरकार तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण के मार्ग पर चलती है। इसीलिए जनता का विश्वास आज भाजपा के साथ है।''



उन्होंने कहा, ''जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति करके सत्ता में आए थे, वे आज न घर के हैं न घाट के। ऐसे लोग न तो समाज के साथ खड़े हो पाए, न ही भविष्य की पीढ़ी के साथ।''

समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी को 'पीडीए' की अचानक चिंता सताने लगी है, जबकि अतीत में उन्हीं की सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किस प्रकार का व्यवहार हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है।

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों को रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और घोषणा की कि आठ, नौ, 10 अगस्त को प्रदेश की सभी बहनों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से ठीक पहले अटल आवासीय विद्यालय को मुरादाबाद मंडल के बच्चों और श्रमिक परिवारों को समर्पित करते हुए इसे अटल जी की स्मृति को समर्पित आदर्श शिक्षा मंदिर बताया। इस विद्यालय को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू किया गया है। योगी ने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का भी स्रोत बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा चुके हैं जिनमें 18,000 से अधिक श्रमिक और अनाथ बच्चों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण तकनीक, छात्रावास, संपूर्ण आवासीय सुविधा, खेल, प्रयोगशाला और कौशल विकास की व्यापक व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने इसे शिक्षा के प्रति सरकार की अटल प्रतिबद्धता बताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''कक्षा 12वीं के बाद उच्च शिक्षा का पूरा खर्च भी सरकार उठाएगी चाहे वो मेडिकल हो या आईआईटी।''

## न्यायालय ने योजनाओं में मुख्यमंत्री के नाम, तस्वीर के इस्तेमाल पर रोक लगाने का आदेश रद्द किया

नयी दिल्ली, छह अगस्त (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को बुधवार को रद्द कर दिया, जिसमें तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को कल्याणकारी योजनाओं में वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम एवं तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करने को कहा गया था।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के लिए अन्नाद्रमुक नेता सी. वी. षणमुगम पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायालय ने कहा कि तमिलनाडु की कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ याचिका अनुचित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। पीठ ने षणमुगम को एक सप्ताह के भीतर राज्य सरकार के पक्ष में राशि का भुगतान करने को कहा तथा स्पष्ट किया कि ऐसा न करने पर अवमानना का मुकदमा चलाया जाएगा।

# एकनाथ शिंदे ने नरेन्द्र मोदी, अमित शाह से भेंट की उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग को समर्थन का ऐलान



**नयी दिल्ली,** (भाषा) शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा नीत गठबंधन को 'बिना शर्त समर्थन' देगी।

शिवसेना राजग का हिस्सा है।

दिल्ली के दौरे पर आए शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का गठबंधन 'महायुति' महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगा।

शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' की सफलता पर उन्हें बधाई दी। शिंदे के साथ उनकी पत्नी लता, बेटा श्रीकांत और बहू वृषाली भी थे। शिंदे परिवार ने प्रधानमंत्री को भगवान शिव की एक तस्वीर भेंट की।

शिवसेना नेता ने कहा कि मोदी ने उनके बेटे श्रीकांत की प्रशंसा की, जिन्हें आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश को विभिन्न देशों तक पहुंचाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला। उन्होंने उन बातों को भी खारिज कर दिया कि दिल्ली की उनकी बार-बार यात्रा का महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ उनके ''मतभेदों'' से संबंध है।

उन्होंने कहा कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है और वे राज्य के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। शिंदे ने बाद में एक बयान में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को अपनी पार्टी के बिना शर्त समर्थन की घोषणा की।

जगदीप धनखड़ ने पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद इस पद पर चुनाव कराया जाना आवश्यक हो गया। शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग सांसदों की बैठक में कहा कि अमित शाह सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्री बन गए हैं। शिंदे ने कहा कि उन्होंने और उनकी पार्टी के सांसदों ने इस उपलब्धि के लिए शाह को बधाई दी।

# हिंदू धर्म विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है, दुनिया को इसकी जरूरत है: भागवत

**नागपुर** (महाराष्ट्र), (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, जो विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है।

भागवत ने यहां धर्म जागरण न्यास के नये भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, ''आज सम्पूर्ण विश्व को इसी 'धर्म' की आवश्यकता है। विश्व अपनी विविधताओं को स्वीकार करते हुए जीना नहीं जानता, इसीलिए इतने संघर्ष हो रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि भारतीयों के लिए 'धर्म' एक परम सत्य है।

उन्होंने कहा, ''यह धर्म एकता और सभी विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। हम सभी विविधताओं को स्वीकार करते हैं। हम इसलिए अलग नहीं हैं, क्योंकि हम विविध हैं, यह धर्म यही हमें सिखाता है।''

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, लेकिन चूंकि हिंदुओं ने इसे सबसे पहले खोजा था, इसलिए इसे हिंदू धर्म कहा जाने लगा। उन्होंने कहा, ''अन्यथा, हिंदू धर्म प्रकृति का धर्म है, एक सार्वभौमिक पंथ है, मानवता का धर्म है। प्रत्येक हृदय को इस धर्म से जागृत होना चाहिए।''



भागवत ने कहा कि धर्म का कर्तव्य केवल ईश्वर के प्रति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होता है।

उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास बताता है कि ''धर्म'' के लिए अनेक बलिदान दिए गए। उन्होंने कहा, ''धर्म के लिए ढेरों सिर काटे गए, लेकिन किसी ने धर्म नहीं छोड़ा। आप सभी ने 'छावा' फिल्म देखी होगी। यह सब (बलिदान) हमारे लोगों ने किया। वे हमारे लिए एक मिसाल हैं।''

हिंदी फिल्म ''छावा'' मराठा राजा छत्रपति संभाजी के जीवन पर आधारित है, जिन्हें 1689 में मुगल सम्राट औरंगजेब ने कड़ी यातनाएं दीं और अंत में उन्हें मौत के घाट उतार दिया था।

भागवत ने कहा कि इस तरह के बलिदान आम लोगों द्वारा भी किए गए थे, क्योंकि उनका मानना था कि ''हमारा धर्म सत्य पर आधारित है और दुनिया का अंतिम सत्य यह है कि भले ही हम सामान्य जीवन में अलग-अलग दिखते हों, लेकिन हम सभी एक हैं।'' उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म यह भी सिखाता है कि विभिन्न धर्मों के मार्ग एक ही मंजिल तक ले जाते हैं, इसलिए किसी को भी दूसरों के तौर-तरीकों को जबरन बदलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।--

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक : तेलंगाना के मुख्यमंत्री विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए

नयी दिल्ली, (भाषा) तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने विधानसभा द्वारा पारित पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयकों पर राष्ट्रपति की मंजूरी की मांग को लेकर बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

रेड्डी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा-नीत सरकार राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों की राह में अड़ंगा लगा रही है, क्योंकि यह (सरकार) 'अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधी' है।

तेलंगाना विधानसभा ने शिक्षा, रोजगार और स्थानीय निकायों में ओबसी आरक्षण की सीमा को 42 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए मार्च में दो विधेयक पारित किए थे। ये विधेयक राज्यपाल को भेजे गए थे और वर्तमान में राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि जातिगत गणना को राज्य मंत्रिमंडल, विधानसभा और लोगों द्वारा विधिवत मंजूरी दी गई थी। उन्होंने सवाल किया कि केंद्र एक निर्वाचित राज्य सरकार के फैसले को कैसे धता बता सकता है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''हम ओबीसी समर्थक हैं। राहुल गांधी ओबीसी समर्थक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओबीसी विरोधी हैं।''

# भारतीय निर्यात को बड़ी मजबूती: फिलीपींस ने भारत से खाद्य आयात बढ़ाने का किया वादा : डॉ. प्रेम गर्ग, IREF

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस के व्यापारिक संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में, फिलीपींस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने, कृषि मंत्री माननीय श्री फ्रांसिस्को पी. टियू लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में, आज नई दिल्ली में भारतीय राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (IREF) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और भारत से खाद्य उत्पादों के आयात को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

यह बैठक IREF के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें दोनों देशों के बीच कृषि भागीदारी को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने पर चर्चा की गई।

समझौते के तहत, फिलीपींस ने भारत से चावल, भैंस का मांस, सब्जियां, फल और मूंगफली जैसे प्रमुख कृषि उत्पादों के आयात को प्राथमिकता देने का वादा किया है। इसका उद्देश्य चीनी आपूर्ति पर निर्भरता को कम करना और विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना है। श्री देवाशीष गर्ग, IREF के उपाध्यक्ष एवं श्री लाल महल ग्रुप के निदेशक, जो वार्ताओं में सक्रिय रूप से शामिल थे, ने कहा: 'हमने सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर सार्थक बातचीत की। फिलीपींस प्रतिनिधिमंडल ने बासमती चावल पर आयात प्रतिबंध हटाने का सकारात्मक आश्वासन दिया। हमने भारतीय भैंस मांस उद्योग की जानकारी साझा की और भारतीय खाद्य निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने का अनुरोध किया। आज की यह प्रतिबद्धता दीर्घकालिक सहयोग के लिए एक मजबूत आधार बनाती है।' डॉ. प्रेम गर्ग ने भारत के भौगोलिक संकेत (GI) चावल किस्मों जैसे ब्लैक राइस और हाई-प्रोटीन राइस का प्रदर्शन किया और भारत की अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं संगरोध मानकों का कड़ाई से पालन करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। फिलीपींस की ओर से उच्च गुणवत्ता वाले और सुरक्षित मांस एवं कृषि उत्पादों की बढ़ती मांग के संदर्भ में यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा।व्यापार सहयोग को गति देने के लिए, दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की कि:चावल, मांस और अन्य खाद्य क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही फिलीपींस का दौरा करेगा।वहीं, फिलीपींस के आयातकों का एक प्रतिनिधिमंडल भारत में 30-31 अक्टूबर 2025 को होने वाले ''भारत इंटरनेशनल राइस कॉन्फ्रेंस (BIRC) 2025'' में भाग लेगा, जिससे रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक संबंध गहरे होंगे।यह समझौता भारत और फिलीपींस के बीच व्यापारिक संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा और वैश्विक परिदृश्य में व्यापारिक विविधता सुनिश्चित करेगा।



भारतीय राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (IREF) के बारे में:IREF भारत के 7,500 से अधिक चावल निर्यातकों और संबंधित हितधारकों का शीर्ष संगठन है। यह संगठन भारतीय चावल एवं कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने, टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करने, गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने हेतु कार्य करता है। IREF भारत से 150 से अधिक देशों को चावल निर्यात को समर्थन देता है और देश के कृषि व्यापार मिशन को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाता है।

# शिबू सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हजारों लोगों ने 'दिशोम गुरु' को नम आंखों से दी विदाई

**नेमरा** (झारखंड), (भाषा) झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर हजारों लोगों ने 'दिशोम गुरु' को नम आंखों से अंतिम विदाई दी जिनमें ग्रामीण, राजनीतिक हस्तियां और समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल थे।

शिबू सोरेन को लोग प्यार से 'दिशोम गुरु' (भूमि के नेता) कहते थे। उनका सोमवार को 81 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में गुर्दे संबंधी बीमारी के इलाज के दौरान निधन हो गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सह संस्थापक और राज्य के आदिवासी आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे शिबू सोरेन को झारखंड सशस्त्र पुलिस (जेएपी) के जवानों ने सलामी दी। उनका कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके बड़े पुत्र ने जब चिता को मुखाग्नि दी तब 'गुरुजी अमर रहें' के नारे गूंज उठे।

मुख्यमंत्री ने भारी बारिश के बीच हुए अंतिम संस्कार की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, ''मेरे बाबा, आपके सपनों को पूरा करेगा आपका यह बेटा, आपको दिया हर वादा निभाऊंगा। वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! झारखण्ड के वीर अमर रहें! वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद!''

रामगढ़ जिले के नेमरा में गमगीन माहौल था, जहां परिवार, समर्थक, राजनीतिक नेता और ग्रामीण सहित हजारों लोग नम आंखों से अंतिम विदाई देने के लिए एकत्र हुए थे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके, क्योंकि उनका हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका, जहां वे दिल्ली से अपराह्न करीब 3.30 बजे उतरे। हालांकि, कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेता सड़क मार्ग से नेमरा के लिए रवाना हुए और शाम करीब 6.45 बजे हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

गांधी ने मंगलवार देर शाम 'एक्स' पर कहा, ''अंतिम जोहार, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी। आप आदिवासी अस्मिता और जल-जंगल-जमीन के अडिग रक्षक, न्याय के मार्गदर्शक थे। अलविदा नहीं...आपकी हूल जैसी चेतना, और धरती आबा सा संकल्प हमारे गीतों, हमारी मिट्टी, हमारी सोच में हमेशा जीवित रहेगी।''

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव भी नेमरा पहुंचे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सड़कों पर भारी यातायात जाम की वजह से मोटरसाइकिल से नेमरा पहुंचे।

## सांसद की चेन छीनने का आरोपी गिरफ्तार, आभूषण बरामद

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने उच्च सुरक्षा वाले चाणक्यपुरी इलाके में कांग्रेस सांसद आर. सुधा की सोने की चेन छीनने के आरोप में 24 वर्षीय एक अपराधी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सुधा तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद हैं। वह सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक हेलमेट पहने एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी और इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए थे। इस घटना में सांसद को मामूली चोट आई थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान सोहन रावत उर्फ बुग्गू के रूप में हुई है और उसे बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की कई टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं।

# मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सपा के 'पीडीए पाठशाला' अभियान पर निशाना साधा

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के 'पीडीए पाठशाला' अभियान पर निशाना साधते हुए तल्ख टिप्पणी की।

आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अपने संस्कारों के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था को चौपट करने के लिए फिर से 'पीडीए पाठशाला' के नाम पर दुष्प्रचार कर रही हैं।'' सपा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के लिए 'पीडीए' शब्द का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा, ''कल्याण सिंह जी की सरकार ने 1991 और 1997 में व्यवस्था की थी कि 'ग' से गणेश पढ़ाया जाएगा। गणेश विघ्नहर्ता हैं। शिक्षा क्षेत्र के विघ्न और बाधाएं दूर हों इसलिए 'ग' से गणेश पढ़ाया जाए, मगर उसके बाद समाजवादी पार्टी की दुर्भाग्य से सरकार आई तो उसने कहा कि 'ग' से गणपति नहीं, 'ग' से तो गधा पढ़ाया जाएगा।''



मुख्यमंत्री ने तंज करते हुए कहा, ''गधे जैसी बुद्धि वालों ने बच्चों के मन में भी उसी प्रकार का भाव पैदा करने का प्रयास किया और आज 'पीडीए पाठशाला' में भी वे यही पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।''

उत्तर प्रदेश सरकार ने 50 से कम छात्र-छात्राओं वाले 10 हजार से ज्यादा प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक स्कूलों का पास के ही स्कूलों में विलय करने की कवायद शुरू की है। सपा समेत सभी विपक्षी दलों ने इसे गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश करार देते हुए इसका विरोध किया है।

समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के उन गांवों में 'पीडीए पाठशालाएं' खोलकर बच्चों को पढ़ाने का अभियान शुरू किया है जहां राज्य सरकार की विलय की नीति की वजह से स्कूल बंद हुए हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल में इस सिलसिले में कहा था कि पार्टी सदस्य उन गांव में 'पीडीए पाठशाला' खोलें जहां स्कूल बंद होने वाले हैं और क्षेत्र के शिक्षित नौजवानों व सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी इस अभियान से जोड़ें। हालांकि, राज्य सरकार ने 'पीडीए पाठशालाओं' के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की है। मऊ जिले में अनधिकृत रूप से पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाने और सहारनपुर में बच्चों को ऐसी ही पाठशाला में राजनीतिक ककहरा सिखाने के आरोप में मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।